Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Sunday, 18 August 2024 ● Year : 02 ● Issue : 210 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

सिद्ध पुरुषों की अलौकिक शक्तियों में जो दिखलाई पड़ता है, वह मन की एकाग्रता का ही तो चमत्कार है। संगठित मानस ही आत्मा का योग होता है।

– अमृतलाल नागर

Anushka Sharma Reacts To Brutal...

SHARE

सेंसेक्स	:	80,436.84
निफ्टी	:	24,541.15

SARAFA

सोना	:	6,850
चांदी	:	91.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

आतंकी तहव्वुर राणा को लाया जा सकता है भारत

NEW DELHI : अमेरिका की एक अदालत ने तहव्वुर राणा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। राणा पर मुंबई में हुए आतंकी हमले में शामिल होने का आरोप है। अब इसको भारत वापस लाया जाना लगभग तय माना जा रहा है। बता दें कि अमेरिकी अदालत ने प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ उसकी अपील को खारिज कर दिया है। 15 अगस्त को अमेरिकी अदालत ने अपने फैसले में कहा कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राणा ने नाइंथ सर्किट कोर्ट में पिछले साल एक याचिका दायर की थी। जिसमें उसमे मांग की थी कि सुनवाई तक उसे भारत को न सौंपा जाए। बताते चलें कि इससे पहले मई 2023 में भी एक अमेरिकी अदालत ने राणा की तरफ से दायर याचिका को खारिज कर दिया था।

6 बच्चियों से रेप के दोषी को 28 साल की सजा

NEW DELHI : ताइवान में एक टीचर को 6 बच्चियों का रेप करने के मामले में 28 साल जेल की सजा सुनाई गई है। ताइपे टाइम्स के मुताबिक 30 साल के किंडरगार्टन टीचर माओ चुन शेन पर छह लड़कियों से रेप के 11 मामलों, शोषण के 207 मामलों और अश्लील तस्वीरें-वीडियो बनाने के 6 मामलों में दोषी ठहराया गया था। ताइपे के कोर्ट ने कहा कि माओ को कुल 224 मामलों में दोषी पाया गया है, जिसमें कानून के हिसाब से उसकी कुल सजा 1252 साल और 6 महीने होगी। हालांकि, उसे 28 साल की सजा सुनाई गई। माओ अभी इसके खिलाफ अपील कर सकता है। माओ को पिछले साल जुलाई में ताइपे पिरामिड स्कूल में बच्चों का यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उस पर 2022 में पहला केस दर्ज हुआ था। हालांकि, तब सबूत न मिलने पर जांच बंद कर दी गई थी। बाद में कई केस सामने आने पर पिछले साल उसके स्कूलों में पढ़ाने पर बैन लगा दिया गया। खास बात यह है कि माओ ताइपे पिरामिड स्कूल की ओनर का बेटा है।

भारत लौटीं 'योद्धा' पहलवान विनेश फोगाट

AGENCY NEW DELHI : शनिवार की सुबह पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहुंचकर खेल से पहले ही अयोग्य करार दी गई भारत की योद्धा पहलवान विनेश फोगाट स्वदेश पहुंचीं। दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकलीं तो उनकी आंखों से आंसू बह रहे थे। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही विनेश अपनी मां से लिपटकर रोने लगी। ओलंपिक मेडल विजेता पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया भी उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थे। विनेश जब साक्षी मलिक के गले लगीं उनकी आंखों से आंसू बह रहे थे। मीडिया के माइक बार-बार विनेश की तरफ आगे बढ़े लेकिन, विनेश भावुक थीं और वो कुछ बोल नहीं सकीं। विनेश फोगाट के स्वागत में कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा भी दिखे। खुली मर्सडीज कार की छत पर विनेश फोगाट के साथ दीपेंद्र हुड्डा भी नजर आए। जाट संगठनों के अलावा किसान संगठनों के कार्यकर्ता भी उनके स्वागत के लिए मौजूद रहे।

हुआ जोरदार स्वागत, एयरपोर्ट से बाहर निकलीं तो आंखों में छलके आंसू

- ओलंपिक मेडल विजेता पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया थे एयरपोर्ट पर मौजूद
- खुली मर्सडीज कार की छत पर विनेश के साथ दीपेंद्र हुड्डा नजर आए
- जाट संगठनों के अलावा किसान संगठनों के कार्यकर्ता भी स्वागत में रहे उपस्थित



अपनी मां से लिपटकर रोने लगीं पहलवान

विनेश चैंपियन हैं : बजरंग पूनिया

विनेश फोगाट का स्वागत करने पहुंचे बजरंग पूनिया ने कहा, विनेश चैंपियन हैं इसीलिए उनका चैंपियन जैसा स्वागत हो रहा है। मेडल मिलना, ना मिलना भाग्य की बात है। लेकिन उन्होंने जो सड़क से पोडियम तक का सफर तय किया है वो पूरे देश ने देखा है। विनेश का स्वागत करने पहुंचीं पहलवान साक्षी मलिक ने कहा, आज बहुत बड़ा दिन है। विनेश ने जो भारत के लिए किया है, जो महिलाओं के लिए किया है वो बहतरीन है। उन्होंने कहा, मैं बस ये उम्मीद करती हूं कि आप लोग उसे प्यार और सम्मान देंगे। उसने एक ऐसे पहलवान को हराया है जो कभी हारी ना हो। वो हमारे लिए चैंपियन हैं। ये कोई राजनीतिक यात्रा नहीं है बल्कि ये एक पहलवान और चैंपियन का स्वागत है। बता दें कि गोल्ड मेडल के मैच से पहले विनेश का वजन 50 किलोग्राम से थोड़ा अधिक था, जिससे उन्हें ओलंपिक से बाहर कर दिया गया। सिल्वर मेडल की मांग वाली उनकी अपील को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट्स ने बुधवार को खारिज कर दिया था।

मुख्यमंत्री हेमंत 21 को लाभुकों से करेंगे बात

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 21 अगस्त को पलामू में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों से बात करेंगे और लाभुकों के लिए राशि भी जारी करेंगे। जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन का यह पहला पलामू दौरा होगा। 2022-23 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चार बार पलामू का दौरा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी है। पलामू पुलिस स्टेडियम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम निर्धारित है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर शहर की साफ-सफाई के साथ-साथ विधि-व्यवस्था को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी को सीएम के कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिलाओं के लिए भोजन का प्रबंध करने का निर्देश दिया गया है। पलामू के अलावा गढ़वा और लातेहार भी जाएंगे। मुख्यमंत्री के पलामू दौरा प्रमंडल स्तर का होगा, जिसमें पलामू के अलावे गढ़वा और लातेहार में भी आयोजित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

बड़ा फैसला, बिना संघ लोक सेवा आयोग का एग्जाम दिए बनिए IAS

नई पहल

AGENCY NEW DELHI : यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन यानी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने नई पहल करते हुए एक नए तरीके से आईएएस बनने का मौका प्रदान किया है। यह बड़ा फैसला है। हालांकि ऐसा इसके पहले भी हुआ है। यूपीएससी ने लैटरल एंट्री के जरिए विभिन्न मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उपसचिव के पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया है। इस प्रक्रिया से निजी क्षेत्र के कर्मचारी और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में काम करने वाले भी आईएएस बन सकते हैं। यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया गया है। लैटरल एंट्री के जरिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में योग्य उम्मीदवारों की सीधी भर्ती होगी। यह पहल उन लोगों के लिए एक बड़ा अवसर है जो आईएएस बनने का सपना देखते हैं,लेकिन परीक्षा पास नहीं कर पाते हैं।

- लैटरल एंट्री के जरिए संयुक्त सचिव, निदेशक और उपसचिव बनने का मिल रहा मौका
- 45 सीटों के लिए आयोग की ओर से निकाली गई है वैकेंसी

हालांकि, इस प्रक्रिया के द्वारा पहले भी उम्मीदवार चयनित किए गए हैं, लेकिन इस बार यूपीएससी ने इसे और व्यापक बनाया है। यह कदम यूपीएससी की कार्यप्रणाली को लेकर हाल ही में उठे विवादों के बाद आया है। यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. मनोज सोनी ने कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था।

आवश्यक अनुभव और पात्रता

संयुक्त सचिव स्तर के पद के लिए 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। निदेशक के पद के लिए 10 और उप सचिव के पदों के लिए सात साल की नौकरी का अनुभव होना अनिवार्य है। केंद्र सरकार में कार्यरत कर्मचारी इस भर्ती के लिए योग्य नहीं होंगे। यानी वे आवेदन नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत ऐसे कर्मचारी जो उक्त पदों के समकक्ष पदों पर काम कर रहे हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। इनके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकाय, वैधानिक निकाय, यूनिवर्सिटी, मान्यता प्राप्त शोध संस्थान, निजी कंपनी, अंतरराष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोग लैटरल एंट्री वाले पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। संयुक्त सचिव पद के लिए आयु सीमा 40 वर्ष से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सातवें वेतन आयोग के अनुसार, इन्हें पे लेवल 14 में रखा जाएगा। यानी इन्हें डीए मिलाकर 2,70,000 रुपये का मासिक वेतन मिलेगा। नियमानुसार, यात्रा भत्ता और मकान का किराया भी दिया जाएगा। निदेशक पद के लिए आयु सीमा 35 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इन्हें पे लेवल 13 में शामिल किया जाएगा।

डॉक्टर रेप-मर्डर मामले में व्यापक हो रहा आक्रोश का स्वर

हड़ताल से झारखंड सहित पूरे देश में चरमराया हेल्थ सिस्टम

PHOTON NEWS TEAM : शनिवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में देश भर में 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की थी। इस हड़ताल के कारण झारखंड सहित पूरे देश में हेल्थ सिस्टम चरमरा गया। इसके मद्देनजर केंद्र सरकार ने इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए डॉक्टरों से जल्द से जल्द काम पर लौटने की अपील की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि फोर्डा, आईएमए और सरकारी अस्पतालों के आरडीए की तरफ से बताई गई चिंताओं के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्रालय उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कमेटी का गठन कर रहा है। केंद्र सरकार की ओर से बताया गया है कि नवगठित कमेटी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर सभी संभव कदमों का ब्योरा देगी। इस कमेटी को सुझाव देने के लिए अलग-अलग प्रतिनिधियों और राज्य सरकारों का भी स्वागत है।

- केंद्र की डॉक्टरों से जल्द काम पर लौटने की अपील
- सुरक्षा के लिए कमेटी का गठन कर रहा स्वास्थ्य मंत्रालय

आईएमए से जुड़े हैं 3.30 लाख डॉक्टर

बता दें कि आईएमए से जुड़े 3.30 लाख से ज्यादा डॉक्टर सदस्य हैं। देश भर में डॉक्टरों की हड़ताल का असर दिखने लगा है और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने कहा कि वे तब तक हड़ताल पर रहेंगे जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून बनाया जाना चाहिए और मृत महिला डॉक्टर के परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

रिम्स और सदर अस्पताल के बाहर डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन

RANCHI : कोलकाता में महिला डॉक्टर से हुई दरिंदगी मामले में झारखंड के डॉक्टर्स हड़ताल पर हैं। सभी जिले में चिकित्सकों ने प्रदर्शन किया। इस कड़ी में शनिवार को राजधानी रांची के रिम्स और सदर अस्पताल के बाहर डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। वे बंगाल में हुई घटना पर न्याय के साथ साथ राज्य सरकार से सुरक्षा की भी मांग कर रहे थे। इस दौरान वे एक, दो, तीन, चार बंद करो ये अत्याचार जैसे नारे लगा रहे थे। सभी के हाथों में एक तख्ती है जिसमें हेट क्राइम्स में आरोपियों को न बचाने की अपील की गयी है। रांची के रिम्स और सदर अस्पताल के बाहर डॉक्टरों ने जोरदार प्रदर्शन कर कोलकाता की महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना पर न्याय की मांग की। सभी लोग मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के साथ साथ क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में संशोधन की मांग कर रहे हैं। इस

दौरान वे वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगा रहे हैं। राज्यभर में हो रहे प्रदर्शन के कारण मरीजों को परामर्श नहीं मिल पा रहा है। इमरजेंसी सेवा को छोड़ सभी प्रकार की सेवाएं ठप हैं। बता दें कि रिम्स में 13 अगस्त से ही जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) के बैनर तले मेडिकल के छात्र आंदोलन कर रहे हैं। इस वजह से राज्य के सबसे बड़े अस्पताल में ओपीडी बंद है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की हड़ताल को झारखंड के 11,000 से ज्यादा डॉक्टरों का समर्थन मिला है। इस वजह से रविवार की सुबह तक इमरजेंसी सेवा को छोड़ सभी प्रकार की सेवाएं ठप

हिमंता ने चम्पाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने के कयासों पर लगाया विराम

PHOTON NEWS DEOGHAR : शनिवार को असम के मुख्यमंत्री-सह- झारखंड बीजेपी के विधानसभा चुनाव सहप्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन के बीजेपी में आने के कयासों पर विराम लगा दिया है। देवघर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में हिमंता ने कहा कि मैं चम्पाई सोरेन के बारे में कोई लूज कमेंट नहीं करना चाहता। वे न तो मेरे संपर्क हैं और न ही पार्टी के संपर्क में हैं। बताते चलें कि शुक्रवार को राजनीति के गलियारों में इस बात की चर्चा तेज हो गई थी कि चम्पाई सोरेन झाममो के केंद्रीय नेतृत्व से नाराज चल रहे हैं और वे बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। चर्चा यह भी थी कि पीएम मोदी के झारखंड दौरा होने के समय वे बीजेपी का दाम थाम लेंगें। मीडिया से बातचीत में चम्पाई सोरेन ने यह भी कहा था कि इंतजार कीजिए। फिर मीडिया कर्मियों ने पूछा था कि अप दिल्ली जा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि मैं तो अपने समक्ष हूं।

हत्या करने वाला हो गया फरार : हिमंता ने सोशल मीडिया एक्स में पोस्ट करते हुए लिखा है कि 11 अगस्त की आधी रात को गैंगरेप के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषी मोहम्मद शाहिद अंसारी ने आदिवासी पुलिस हवलदार चौहान हेम्ब्रम की हत्या कर दी और हजारीबाग मेडिकल कॉलेज से फरार हो गया। पुलिस अभी तक आरोपी को पकड़ नहीं पाई है और अबतक पीड़ित परिवार से कोई मिलने नहीं गया है। मुझे सूचना मिली है कि सुबह 4:30 बजे के आसपास पुलिस ने उनकी पत्नी और बच्चों को उनके घर से उठा लिया। कुछ ही मिनटों बाद, उन्होंने अन्य परिवार के सदस्यों को भी उठा लिया और घर को बंद कर दिया।

हेमंत पर हमला

हिमंता बिस्व सरमा ने एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने हेमंत सोरेन पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया है। कहा है कि हेमंत सरकार तुष्टीकरण की सीमा पार कर गई है। आदिवासी पीड़ित परिवार के साथ भी अन्याय कर रही है। इससे पहले हिमंता अपने झारखंड दौरे के दूसरे दिन बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ चार्टर विमान से देवघर पहुंचे। वहां से वे सड़क मार्ग से बेंगाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने चौहान हेम्ब्रम के परिजनों से मुलाकात की।

आतंकवाद, अतिवाद समाज के लिए गंभीर खतरा : प्रधानमंत्री

NEW DELHI : शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्वभर में अनिश्चितता के माहौल के बीच वैश्विक दक्षिण के देशों को स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी विभाजन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होना चाहिए। भारत द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आपसी व्यापार, समावेशी विकास और सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए ग्लोबल साउथ के साथ अपनी क्षमताओं को साझा करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज चारों ओर अनिश्चितता का माहौल है। दुनिया अभी तक कोविड के प्रभाव से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाई है। दूसरी ओर युद्ध की स्थिति ने हमारी विकास यात्रा के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। जलवायु परिवर्तन, हेल्थ सिक्योरिटी, फूड सिक्योरिटी और ऊर्जा सिक्योरिटी की चिंताएं भी हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, अतिवाद और अलगाववाद हमारे समाजों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। टेक्नोलॉजी विभाजित करना और टेक्नोलॉजी से जुड़ी नई आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। पिछले सदी में बने ग्लोबल गवर्नेंस और फाइनेंशियल संस्थान इस सदी की चुनौतियों से लड़ने में असमर्थ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समय की मांग है कि ग्लोबल साउथ के देश एकजुट होकर एक स्वर में एक साथ खड़े रहकर एक दूसरे की ताकत बनें।

स्वदेशी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम के उत्पादन का रास्ता साफ

NEW DELHI : एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) परीक्षण में फायरिंग से जुड़े आकलनों की समीक्षा में भी पूरी तरह खरी उतरी है। उत्पादन का रास्ता साफ होने के बाद अब भारतीय सेना इन तोपों को अपने शस्त्रागार में शामिल करने को तैयार है। इसीलिए सेना ने 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम के लिए टेंडर जारी करके निर्माण करने के लिए भारतीय कंपनियों को आमंत्रित किया है, जो भारत में विकसित और डिजाइन की गई निर्मित बंदूकें पेश करेंगी। डीआरडीओ ने भारतीय सेना में पुरानी तोपों को बदलने के लिए पूरी तरह स्वदेशी आधुनिक 155 मिमी. आर्टिलरी गन की परियोजना 2013 में शुरू की थी।

रामगढ़ में हादसा, रांची के थे मृतक, एक का रिम्स में चल रहा इलाज

पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, तीन की गई जान

PHOTON NEWS RAMGARH : रामगढ़ जिले के बासल थाना क्षेत्र के गेगदा के निकट पतरातू-रामगढ़ फोरलेन पर सड़क हादसे में रांची के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रिम्स में भर्ती कराया गया है। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी थी। इससे ड्राइवर समेत तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। रांची के धुर्वा इलाके से सफेद रंग की क्रेटा कार से चार लोग पिठोरिया के रास्ते रामगढ़ की ओर जा रहे थे। शुक्रवार की रात लगभग 12:00 बजे गेगदा (कटहल टोला) के निकट तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गयी और आम के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

जबरदस्त टक्कर के बाद सफेद रंग के वाहन के उड़ गए परखच्चे

इलाज के दौरान दो लोगों ने तोड़ा दम

सड़क हादसे में कार में सवार चालक मनीष कुमार (38 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि कार पर सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पहुंची बासल पुलिस ने सभी को पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान एक घायल शुभम (28 वर्ष) पिता सुरेंद्र कुमार ने दम तोड़ दिया। अन्य दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स भेजा गया। पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नर्स ने बताया कि रिम्स जाने के क्रम में एक घायल मोइउद्दीन उर्फ भोला की मौत की सूचना मिली है, जबकि घायल मृत्युंजय (27 वर्ष) पिता प्रकाश सिंह को रिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

स्ट्रांग आर्मी टारगेट पर जाकर नष्ट हो जाते हैं ये घरेलू मानव रहित ड्रोन

दुश्मनों की खैर नहीं, स्वदेशी कामिकाजे ड्रोन रखेगा नजर

AGENCY NEW DELHI : अपनी सैन्य शक्ति को और प्रबल बनाने के लिए भारत स्वदेशी कामिकाजे ड्रोन बना रहा है। यह ड्रोन 1,000 किलोमीटर तक उड़ान भर सकेगा। इसमें घरेलू इंजन लगाया जा रहा है। ये मानव रहित ड्रोन टारगेट पर जाकर नष्ट हो जाते हैं। नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज ये ड्रोन बना रही है। इस तरह के ड्रोन रूस-यूक्रेन और गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष में इस्तेमाल हो रहे हैं। यूक्रेन ने इनका उपयोग रूस की पैदल सेना और बख्तरबंद वाहनों को टारगेट करने के लिए बड़े पैमाने पर किया है। ड्रोन लंबे समय तक टारगेट के इलाके में उड़ सकते हैं। इनमें विस्फोटक लगा होता है। दूर बैठा कोई भी व्यक्ति इन्हें कंट्रोल कर सकता है। इससे यह दुश्मन के रडार और डिफेंस से बचकर टारगेट पर हमला कर सकता है।

- नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज कंपनी बना रही है ये ड्रोन
- लंबाई 2.8 मीटर, विंग स्पैन करीब 3.5 मीटर और वजन 120 किलोग्राम
- 1000 किमी की रेंज, रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्ध में हो रहा इस्तेमाल

कहां से आया कामिकाजे शब्द

कामिकाजे जापानी शब्द है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हमला करने वाली एक स्पेशल यूनिट से जुड़ा है। इसमें पायलट अपने लड़ाकू विमान क्रैश करके अपने साथ दुश्मनों का खात्मा कर दिया करते थे। तब से किसी भी आत्मघाती अभियान के लिए कामिकाजे नाम जुड़ गया। रिसर्च को लीड कर रहे नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज के डायरेक्टर डॉ. अभय पाशिलकर ने कहा- भारत पूरी तरह से स्वदेशी कामिकाजे ड्रोन विकसित कर रहा है। 21वीं सदी के नए युग की ये वॉर मशीने गेम-चेंजिंग हैं।

लगातार 9 घंटे की उड़ान भरने की क्षमता

भारतीय कामिकाजे ड्रोन की लंबाई करीब 2.8 मीटर और विंग स्पैन करीब 3.5 मीटर होगा। इसका वजन करीब 120 किलोग्राम होगा और 25 किलोग्राम विस्फोटक अपने साथ ले जा सकेगा। डॉ. पाशिलकर ने मीडिया को बताया- इसकी उड़ान क्षमता करीब 9 घंटे होगी यानी एक बार लॉन्च होने के बाद लगातार मंडरा सकता है। सीएसआईआर ने कामिकाजे ड्रोन पर प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा जरूरतों को पूरा करेंगे।

कला-साहित्य

लघु कथा

माधवी उपाध्याय
जमशेदपुर, झारखंड

स्नेह की छाँव!

भाई-बहन के नेह बंधन को समर्पित पावन रक्षाबंधन का पर्व समीप आ गया। रमा इस त्यौहार की व्याकुलता से प्रतीक्षा करती है। इस बार भी प्रत्येक वर्ष की भाँति राखी पर अपने भैया राकेश स्वागत की तैयारियों में जुट गई। भिन्न-भिन्न प्रकार की मिठाई बनाते ही पूरा घर उसकी मिठास में मानों पग गया था। रमा और राकेश एक ही शहर में कुछ किलोमीटर की दूरी पर रहते थे, अतः भाई-बहन एक दूसरे से मिलते-जुलते रहते थे।

देखते-देखते राखी का वो शुभ दिन भी आ गया। रमा ने खानें के लिए अपने भैया की पसंद की वो हर व्यंजन बनाई, जो भैया को बचपन से बहुत पसंद थी।

वह बहुत खुश थी। पलक झपकते ही वो शुभ मुहूर्त भी आ गया। रमा के भैया राकेश आ चुके थे। रमा नें बहुत हीं मनोयोग से राखी की थाल सजाई थी, उसमें घी का दीपक जलाकर रख दिया। अपने भैया को सुंदर आसन पर बिठाया, रोली-चन्दन का टीका लगा, फिर रक्षासूत्र बांधकर भैया की आरती उतारी, मुँह मीठा कराया और भैया की लम्बी उम्र और सुखी जीवन की ईश्वर से कामना की ...। अब भैया राकेश की बारी थी.ेराकेश अपनी प्यारी बहन रमा को उपहार स्वरुप कपड़े और कुछ रुपये हाथों में देते हुए रमा के सिर पर सस्नेह अपनें हाथों को फेरा, किंतु इस बार भैया के दिये उपहार में वो प्यार नहीं झलक रहा था, जो रमा को बचपन से मिलता आया था। रमा अनुभव कर रही थी कि भैया के दिये इस महंगे उपहार में वो बात नहीं थी, जो बचपन में दिये दस रुपये के नोट में छलकता थो कहीं न कहीं रमा भाई-बहन के स्नेह के इस अटूट बंधन में कुछ अधूरेपन का अहसास कर रही थी।

रमा भैया के दिये उपहार लेते हुए बोली... भैया! यह उपहार तो क्षणिक खुशी देता है, मुझे तो बस आपसे आजीवन वो बालपन वाला स्नेह की छाँव चाहिए, कहते हुए रमा की ऑखें भर आई...!

कैनवास-कूची





आकांक्षा उपाध्याय
गोरखपुर

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

बर्फीले पहाड़ व सुंदर झील, स्वर्ग से कम नहीं लद्दाख

घुमक्कड़ की पाती यह देश की सबसे सुंदर और सुकून देने वाली जगहों में गिनी जाती है। इस जगह पर घूमने और देखने के लिए काफी कुछ है। इस जगह पर आकर बर्फीले पहाड़ और खूबसूरत झीलों को देखना सैलानियों के मन को खुश कर देता है।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

लद्दाख को अपनी खूबसूरती के साथ-साथ साहसिक गतिविधियों के लिए भी जाना जाता है। इस जगह पर आपको पहाड़ की जो प्राकृतिक छटा और खूबसूरती दिखाई देती है, वह कहीं और नहीं मिलेगी। यह देश की सबसे सुंदर और सुकून देने वाली जगहों में गिनी जाती है। इस जगह पर घूमने और देखने के लिए काफी कुछ है। इस जगह पर आकर बर्फीले पहाड़ और खूबसूरत झीलों को देखना सैलानियों के मन को खुश कर देता है। लद्दाख की यात्रा में आपको कई मंदिरों और मठों को भी देखा जा सकता है। रोड ट्रिप के लिए लद्दाख सबसे अच्छा माना जाता है। यही वजह है कि इस जगह पर जाना हर किसी का सपना होता है। इस जगह पर जाना मेरा भी हमेशा से ही एक सपना था। कई बार प्लान हुआ, पर किसी ना किसी वजह से कैंसिल हो गया। लेकिन इस बार तो मुझे जाना ही जाना था, इसलिए एक सप्ताह पहले से ही इस जगह पर जाने की मैंने तैयारी शुरू कर दी।

लद्दाख का इतिहास बहुत ही दिलचस्प है। आपको बता दें कि यह डोगरा शासन के तहत आया और 1846 में जम्मू और कश्मीर राज्य में शामिल किया गया था। लद्दाख की संस्कृति और कार्य प्रणाली अभी भी तिब्बत से काफी मिलती जुलती है। चीन-सिख युद्ध जो कि 1841-42 के दौरान हुआ था, उसमें किंग साम्राज्य ने लद्दाख पर हमला किया था, लेकिन चीनी-तिब्बती सेना हार गई थी। वर्तमान में यह भारत का अभिन्न अंग है और देश के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में शुमार किया जाता है।

पर्यटन के साथ साथ लद्दाख की संस्कृति काफी विविधतापूर्ण और समृद्ध है। इस जगह का खानपान, पर्व और त्यौहार सभी को पसंद आती है। लोक कलाओं की दृष्टि से देखा जाए तो लद्दाखी लोग संगीत, साहित्य व नृत्य में काफी प्रतिभाशाली हैं। यहाँ के पर्व और त्योहारों के अवसर पर यहाँ के लोग अपनी कलाओं का भरपूर प्रदर्शन करते हैं। लद्दाख प्रदेश पर तिब्बती बौद्ध धर्म के अलावा भी अन्य सांस्कृतिक प्रभाव दिखाई देता है। मुझे भी यह देखना था।

ऐसे पहुंचें लेह-लद्दाख

दिल्ली से लेह की सीधी उड़ान लगभग 1.5 घंटे लेती है। हम शाम को ही लेह पहुंच गए फिर वहाँ से लद्दाख पहुंच गए। इस जगह पर घूमने और देखने के लिए काफी कुछ है। इस जगह पर आकर लोग सबसे ज्यादा रोड ट्रिप करना पसंद करते हैं। जिसमें कार राइडिंग से लेकर बाइकिंग तक की साहसिक गतिविधियाँ शामिल हैं। लद्दाख के गांव बहुत ही खूबसूरत हैं, लोग इन गाँवों को देखने के लिए जाते हैं। होमस्टे में रुकना पसंद करते हैं, खानपान, जीवन से परिचित होते और फोटोग्राफी करते हैं। हमने भी इस जगह की जमकर फोटोग्राफी की फिर पैंगोंग झील की तरफ बैठ गए।

लेह पैलेस देखना न भूलें

वापस लौटे तो हमने लेह पैलेस देखने का प्लान बनाया। लेह पैलेस लेह-लद्दाख का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थल है, जहां हर साल लाखों लोग आते हैं। यह हमारे देश भारत की बड़ी ऐतिहासिक सम्पदाओं में से एक है। इस जगह की खूबसूरती देखते ही बनती है। इस भव्य और आकर्षक संरचना के बारे में जो जानकारी मिलती है उसके मुताबिक इसका निर्माण राजा सेंगगे नामग्याल ने 17 वीं शताब्दी में एक शाही महल के रूप में करवाया था और इस हवेली में राजा और उनका पूरा राजसी परिवार रहता था। लेह पैलेस अपने समय में बनाई गई नगर की सबसे ऊँची इमारतों में से एक है। इस महल में कुल नौ मंजिलें हैं, जिससे पूरे शहर का खूबसूरत और मनोरम दृश्य दिखाई देता है।

मन मोह लेगी पैंगोंग झील

हिमालय में लेह-लद्दाख के पास स्थित पैंगोंग झील देश के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में गिनी जाती है। इस जगह की खूबसूरती बहुत बेमिसाल है, जिसकी वजह से इस जगह को देखने के लिए हर साल लाखों लोग पहुंचते हैं। इस जगह पर कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, जिसकी वजह से इस झील को काफी लोकप्रियता मिली है। यह झील अपनी प्राकृतिक सुंदरता, क्रिस्टल क्लीयर वॉटर और खूबसूरत पहाड़ियों की वजह से जानी जाती है। इसे देखना हमेशा-हमेशा के लिए हमारे यात्रा अनुभवों में रह जाता है। लद्दाख का तापमान हमेशा -5 डिग्री सेल्सियस से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। सर्दियों में यह झील तो पूरी तरह से जम जाती है। इसकी वजह से इस जगह पर हमेशा सर्दी रहती है और साहसिक पर्यटन के अनुकूल बना जाती है।

नदी ओढ़ लेती है बर्फीली चादर

हमारा मन चादर ट्रेक जाने का भी था। यह एक ऐसा ट्रेक है, जिसे देखने और जानने की इच्छा हर घुमक्कड़ के मन में रहती है। सैलानी इस जगह को देखने और ट्रेक करने के लिए दुनिया के कोने-कोने से आते हैं। इस ट्रेक को चादर ट्रेक इसलिए कहा जाता है क्योंकि यहाँ बहने वाली जांस्कर नदी सर्दियों के दौरान नदी से बर्फ की सफेद चादर में बदल जाती है, जिस पर ट्रेकिंग की जाती है। यह ट्रेक लेह-लद्दाख के सबसे कठिन और सबसे साहसिक ट्रेक में से एक है। बावजूद इसके लोगों का क्रेज कम नहीं होता, लोग इस जगह पर चलना और डर और साहस का अनुभव एक साथ करना पसंद करते हैं।

पहाड़ी पर आसानी से चढ़ सकेंगे

इस जगह से लौटने के बाद हमने तय किया कि सुबह मैग्नेटिक हिल देखने के लिए जाएँगे। लद्दाख स्थित मैग्नेटिक हिल को ग्रेविटी हिल भी कहा जाता है और यह देश के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। यह जगह लेह शहर से तकरीबन 30 किमी दूर समुद्र तल से तकरीबन 14,000 फीट की ऊंचाई पर की ऊँचाई पर स्थित है। इस जगह पर ऐसा पाया गया है कि वाहन गुरुत्वाकर्षण बल या फिर किसी और वजह से अपने आप पहाड़ी की तरफ बढ़ते हैं। लद्दाख में मैगनेटिक हिल का यह रहस्य दुनिया भर के पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। इसी जगह पर पहाड़ी के पूर्वी हिस्से में तिब्बत से निकलने वाली सिंधु नदी बहती है जो कि लद्दाख के सैलानियों के लिए एक खूबसूरत पड़ाव है। इस जगह पर नदी की खूबसूरती को देखना मन को तरोताजा कर देता है।

फुकताल मठ में मिलेगा सुकून

हमारा आखिरी गंतव्य फुकताल मठ था। फुकताल मठ को फुगताल मठ के नाम से भी जाना जाता है। यह मठ लद्दाख में जांस्कर क्षेत्र के दक्षिणी और पूर्वी भाग में स्थित है। फुकताल मठ उन उपदेशकों और विद्वानों की जगह मानी जाती है जो प्राचीन काल में इस जगह पर रहते थे। बताया जाता है कि यह जगह ध्यान करने की जगह हुआ करती थी। साथ ही साथ इस जगह पर शिक्षा और मनोरंजन से जुड़ी तमाम तरह की गतिविधियाँ आयोजित की जाती थीं। यह एकमात्र ऐसा मठ है जहाँ पर पैदल यात्रा करके पहुंचा जा सकता है इसलिए ट्रेकिंग से प्रेम करने वाले लोगों के लिए एक बहुत खास जगह बन गई है। इस मठ में मानव जीवन और उससे जुड़े अच्छे कामों के लिए प्रार्थना की जाती है। हमने भी इस जगह पर प्रार्थना की और वापस लौट आए।

सितंबर-अक्टूबर में जाना बेहतर

आप भी इस जगह पर जाना चाहते हैं तो बता दूं कि लद्दाख का नाम ऑल टाइम फेवरेट डेस्टिनेशन की लिस्ट में आता है, इस जगह पर हर मौसम का अपना ही मजा है। परंतु सितंबर से अक्टूबर में लद्दाख में कई तरह के पर्व और त्योहार आते हैं। इस दौरान यदि आप यात्रा करते हैं तो घूमने के साथ कई फेस्टिवल का लुत्फ भी उठा पाएंगे।

सुधा गोयल 'नवीन'

बचपन की यादें

कुछ मीठी कुछ कड़वी यादें, नहीं भूलती बचपन की यादें।
शाम-सबेरे छत पर जाना, मुक्त कंठ से गाना गाना
कोयल के स्वर से स्वर मिलाना, फिर खुद से शरमा जाना।

गुड़िया की शादी में भैया का,
बारात लेकर आना।
हल्दी-मेहंदी-ज्यौनार का, घर घर न्यौता भिजवाना,
चूड़ी बिन्दी लहंगा चूनर का,
दहेज भी जुटाना,
फिर विदा की घड़ी में, बाल्टी भर-भर आँसू बहाना,
फिर
भईया का मुस्काना।

कड़ी घूप में भईया के संग, कैथा-आम औह्न इमली खाना,
सूखे पत्तों की खड़खड़ में
हंसना और बस हंसते जाना।

रक्षाबंधन पर भैया के माथे तिलक लगाना, लेकर उपहार भैया से, उसको खूब चिढ़ाना,

दादी औ मां का हम बहनों पर खूब रौब जमाना,
भैया को आंचल में छुपा कर, लाड़ करते जाना।

सारा बदला लेते थे हम, रक्षाबंधन जब आता ।
पूछ हमारी खूब होती और भैया झुंझलाता।

कमरे में सिगड़ी जला, जाड़ा दूर भगाना,
समय बिताने को भैया संग, नाटक का प्लान बनाना,
देश की खातिर कुछ करने मरने की, नेता बन कसमें खाना।
कुछ मीठी कुछ कड़वी यादें, नहीं भूलती बचपन की यादें।



सुष्मिता मिश्रा
जमशेदपुर, झारखंड

राजा भैया

भाई-बहन के स्नेह का त्योहार
रक्षाबंधन कहलाता है
हर वर्ष सावन मास की
पूर्णिमा को यह आता है।

रोली, मिठाई, राखी से
बहन सजाती सुंदर थाल
लाल तिलक से खिल उठता है
राजा भैया का सुंदर भाल।

प्रेम के अनमोल धागे से
बहन सजाती भाई की कलाई
दीर्घायु का आशीष देकर
उसे खिलाती पकवान-मिठाई।

बहन की रक्षा करने का
भाई भी करता है वादा
युगों-युगों तक कायम रहे
सनातनी की यह मर्यादा।



पद्मा मिश्रा
जमशेदपुर

अनुराग का दीपक

आज श्रावण पूर्णिमा है, .मधुर मंगल गान गाओ,
कर समर्पित स्नेह-मन का, भावना के सुर सजाओ।
कर्म ही पथ का बने संबल।
सफलता चरण चूमें,
भ्रातृ तेरे द्वार पर निशि दिन,
निरंतर, .भाव भीनी आरती के गीत गूँजें,
है यही आशीष की बेला, सु-मंगल -गान गाओ।
श्रावणी राखी सुशोभित हो कलाई,
बहन के अनुराग का दीपक है भाई,
हों शताधिक वर्ष जीवन के, ह्रदय
की प्रार्थना में स्वर मिलाओ,
हो सुसज्जित भाल पर,यह,
कुमकुमी-टीका,
अमर हो राखी बहन की, प्यार भाई का।
बांधकर रिश्तों का बंधन .एक नया रिश्ता बनाओ।
दूर होकर भी नहीं जो टूटती है,
भाईयों के प्यार को जो गूंथती है,
बांधती हूँ नेह-नाते,विश्वास का
आँगन सजाओ,
आज श्रावण पूर्णिमा है, मधुर मंगल गान गाओ।।

BRIEF NEWS

मां काली सेना का भव्य जागरण आज

RANCHI : मां काली सेना रांची महानगर के सौजन्य से सावन की अंतिम सोमवारी के उपलक्ष्य पर रविवार को अल्बर्ट एक्का चौक में जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य जागरण को स्काई इवेंट के ऑर्गेनाइजर राकेश सोनी के जरिये किया जा रहा है। मां काली सेना के प्रवक्ता नमन भारतीय ने शनिवार को बताया कि इस बार रामगढ़, टाटानगर और बोकारो के कलाकारों द्वारा भव्य जागरण एवं टाटानगर के नामी कलाकार पधार रहे हैं। इसमें जीवंत झांकियां भी होंगी। यह जानकारी सेना प्रमुख भोलू सिंह ने दी।

महिला पर्यवेक्षिका की सोनाहातू परियोजना में प्रतिनियुक्ति का आदेश

RANCHI : रांची सदर की महिला पर्यवेक्षिका अंजना दास के विरूद्ध अवैध वसूली करने की प्राप्त शिकायत पर उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा के जरिये शनिवार को कार्रवाई की गयी है। उपायुक्त की ओर से वस्तुस्थिति की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल महिला पर्यवेक्षिका की सोनाहातु परियोजना में प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया गया है इससे पहले अवैध वसूली करने की शिकायत प्राप्त होने पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के जरिये महिला पर्यवेक्षिका अंजना दास से कारण पृच्छा की गयी थी, जो कि असंतोषप्रद पाया गया। साथ ही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सदर से स्पष्ट मन्तव्य के साथ मांगा गया प्रतिवेदन भी निर्धारित अवधि तक प्राप्त नहीं हुआ। महिला पर्यवेक्षिका पर लगाए गए आरोप संदेहास्पद प्रतीत होने पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सदर को पत्र प्राप्ति के 12 घण्टे के अन्दर स्पष्ट मन्तव्य के साथ जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश उपायुक्त की ओर से दिया गया है। सीडीपीओ, रांची सदर को तत्काल प्रभाव से संबंधित महिला पर्यवेक्षिका को अविलम्ब प्रतिनियुक्त परियोजना में योगदान के लिए विरमित करने का आदेश भी दिया गया है।

रांची विवि में इंटरमीडिएट में नामांकन 24 से

RANCHI : रांची विवि अंतर्गत इंटरमीडिएट में नामांकन प्रक्रिया 24 अगस्त से शुरू होगी। इसके लिए 24 अगस्त को एडमिशन पोर्टल खोला जायेगा। शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने एडमिशन को लेकर नोटिफिकेशन जारी करवाया। बता दें कि इससे पहले एबीवीपी ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा का लगभग देढ़ घंटे तक घेराव किया था। इस दौरान नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं होने से गुस्साए एबीवीपी के सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने विवि प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी भी की थी। सभी इंटर में नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के लिए धरने पर बैठ गए थे। अंत में कुलपति को नोटिफिकेशन जारी करना पड़ा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से परिजनों को दिया गया आश्वासन

हवलदार चौहान हेम्ब्रम के आश्रित को मिलेंगे 1.29 करोड़ और नौकरी

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हजारीबाग जिला बल के हवलदार स्वर्गीय चौहान हेम्ब्रम के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने हवलदार चौहान हेम्ब्रम की पत्नी जोमोती देवी, पुत्र महेश हेम्ब्रम और पुत्री स्वाति हेम्ब्रम सहित अन्य परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

सीएम ने हवलदार चौहान हेम्ब्रम के परिजनों को भरोसा दिलाया कि उन्हें हर हाल में न्याय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि राज्य सरकार की ओर से डीजीपी सहित वरीय पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हवलदार स्वर्गीय चौहान हेम्ब्रम के परिवार में एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि जल्द ही अनुकंपा के आधार पर वर्ग 3 या 4 में नियुक्ति के लिए सभी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस निमित्त अधिकारियों के निर्देश दिया जा चुका है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करते चौहान हेम्ब्रम के परिजन

इस प्रकार दी जाएगी राशि

हजारीबाग जिलाबल के हवलदार स्व चौहान हेम्ब्रम के कर्तव्य के दौरान मृत्यु होने के बाद राज्य सरकार द्वारा इनके आश्रित को लगभग 1 करोड़ 29 लाख रुपये दिए जाएंगे। देय राशि इस प्रकार हैं–गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के संकल्प संख्या– 4179 / दिनांक 09 जुलाई 24 के आलोक में 60 लाख रुपये क्षतिपूर्ति भुगतान, एसबीआई के माध्यम से किए गए पुलिस सैलरी पैकेज का लाभ 50 लाख रुपए, उपादान की राशि 11 लाख 25 हजार रुपये, उपार्जित अवकाश वेतन 5 लाख 62 हजार 500 रुपए, भविष्य निधि की राशि 1 लाख रुपये , ग्रुप बीमा की राशि 37 हजार रुपये, परोपकारी कोष से आवश्यक वित्तीय सहायता 30 हजार रुपये एवं पारिवारिक पेंशन 9 हजार रुपये। बता दें कि गिरिडीह जिले के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के पिंडाटांड़ गांव के निवासी चौहान हेम्ब्रम हजारीबाग जिलाबल में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। ड्यूटी (कर्तव्य) के दौरान 12 अगस्त 2024 को एक अपराधी द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की तारीख का विरोध

सीएम आवास घेरने निकले छात्रों को पुलिस ने मोरहाबादी में रोका

मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जाते छात्र-छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : जेएसएससी के द्वारा सीजीएल परीक्षा की तारीख की घोषणा के बाद एक बार फिर छात्र आक्रोशित हो गए हैं। छात्रों ने 21 और 22 सितंबर को घोषित परीक्षा तिथि को कंफर्म करते हुए उस दिन आयोजित होने वाली दूसरी परीक्षाएं स्थगित करने की मांग की है। इस मांग के समर्थन में शनिवार को रांची के मोरहाबादी बापू वाटिका के समीप बड़ी संख्या में छात्रों का जुटान हुआ और यहां से छात्रों का समूह मुख्यमंत्री आवास घेराव करने के लिए निकल पड़ा। हालांकि इस दौरान मोरहाबादी के पास पुलिस बैरिकेडिंग के समीप छात्रों को रोक दिया गया। इसके बाद नाराज छात्र सड़क पर बैठ गए और सरकार और जेएसएससी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान विभिन्न जिलों से रांची पहुंचे छात्रों ने कहा कि सरकार साजिश के तहत जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की ऐसी तारीख निकाल रही है, ताकि छात्र परीक्षा देने से वंचित रह जाएं। छात्रों ने कहा कि जिस दिन सीजीएल परीक्षा लेने की घोषणा की गई है उसी दिन अन्य चार महत्वपूर्ण परीक्षाएं भी हैं।

आरपीएफ ने शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नामकुम स्टेशन से एक आरोपित को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम विक्की कुमार है। वह बिहार के गया का रहने वाला है। इसके पास से शराब की 11 बोतलें ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की बरामद की गईं है।

आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने शनिवार को बताया कि रांची रेल मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नामकुम स्टेशन पर जांच की गयी। जांच के दौरान देखा गया कि एक यात्री गाड़ी संख्या 18624 हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस ट्रेन में सफेद रंग के कार्टून के साथ चढ़ा। संदेह के आधार पर उसे रोका गया और कार्टून की जांच की गई। जांच के दौरान कार्टून से 11 बोतल ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की बरामद की गईं। इसके बाद विक्की कुमार को गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में उसने बताया कि सभी शराब की बोतलें उसने नामकुम से खरीदी थीं और बिहार में अधिक कीमत पर बेचने जा रहा था।

आरपीएफ की गिरफ्त में आरोपी।

बकरी बाजार में दुर्गा पूजा पंडाल बनाने के लिए किया गया भूमि पूजन

RANCHI : भारतीय युवक संघ ने बकरी बाजार में दुर्गा पूजा पंडाल बनाने के लिए शनिवार को भूमि पूजन किया। राजधानी रांची में 66 वर्षों से भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाता आ रहा है । इस बार भारतीय युवक संघ के जरिये पहले से भी भव्य और विशाल पंडाल का स्वरूप देखने को मिलेगा। भारतीय युवक संघ के संरक्षक शंभू अग्रवाल ने पूजा स्थान पर भूमि पूजन कर पूजा पंडाल के निर्माण का श्रीगणेश कराया। इस अवसर पर आचार्यो के द्वारा विधिवत भगवान विश्वकर्मा का आह्वान करते जरिये हुए भूमि पूजन किया गया। शनिवार से पूजा पंडाल का निर्माण प्रारंभ हो गया। सचिव निर्मल मोदी ने बताया की पंडाल का स्वरूप काल्पनिक है एवं राजस्थानी थीम पर आधारित है।

रांची में सेक्स रैकेट गिरोह के खिलाफ स्पाई सिस्टम एक्टिव, मची खलबली

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में संगठित तरीके से चलाए जा रहे अनैतिक देह व्यापार के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए रांची पुलिस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। यही वजह है कि 3 महीने के भीतर 70 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जो इस गंदे धंधे में शामिल थे। अब रांची पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार को पूरी तरह से खत्म करने के लिए स्पाई सिस्टम एक्टिव किया है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि राजधानी रांची में पश्चिम बंगाल से लड़कियों को लाकर बड़े पैमाने पर देह व्यापार करवाया जा रहा है। 70 से ज्यादा की गिरफ्तारी के बावजूद पुलिस को यह सूचना मिली है कि अभी भी अनैतिक देह व्यापार के कारोबारी रांची में एक्टिव हैं। ऐसे में अनैतिक देह व्यापार में शामिल लोगों पर पूरी तरह से नकेल कसने के लिए रांची पुलिस ने अपने स्पाई नेटवर्क को भी एक्टिव कर दिया है। सादे लिबास में पुलिसकर्मियों और कुछ मुखबिरों को रांची एसएसपी ने एक्टिव किया है। स्पाई नेटवर्क के जरिए पुलिस रांची के वैसे सभी संभावित ठिकाने जहां से सेक्स रैकेट का संचालन किया जा रहा है या होने की संभावना है, उन सभी जगह पर नजर बनाए हुए है। जैसे ही स्पाई के द्वारा सूचना दी जा रही है, पुलिस त्वरित रूप से उस ठिकाने पर छापेमारी कर रही है। 14 अगस्त को स्पाई नेटवर्क के द्वारा मिली सूचना के आधार पर ही अरगोड़ा थाना क्षेत्र के होटल मौर्या ने रेड कर छह लड़कियों सहित 10 को गिरफ्तार किया गया था। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि राजधानी से हर हाल में इस गंदे धंधे पर ब्रेक लगाया जाएगा। पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि राजधानी के सभी थाना प्रभारी को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले होटलों की नियमित चेकिंग करें।

होटल मालिकों को भी चेतावनी

रांची पुलिस के द्वारा सभी छोटे-बड़े होटल मालिकों को भी यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने यहां किसी भी तरह का अनैतिक देह व्यापार न होने दें।सेक्स रैकेट में पिछले दिनों पकड़ी गई लड़कियों से पूछताछ से यह खुलासा हुआ है कि होटल मालिक ही उन्हें कोलकाता और दूसरे शहरों से अनैतिक देह व्यापार करवाने के लिए रांची बुलाते हैं। ऐसे आधा दर्जन से अधिक होटल मालिकों और उनके मैनेजर की गिरफ्तारी हाल के दिनों में की गई है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर अनैतिक देह व्यापार में कोई होटल का मालिक और मैनेजर शामिल पाया जाता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

संस्कृत साहित्य में निबद्ध श्लोक भारतीय ज्ञान परंपरा के संवाहक : धनंजय द्विवेदी

PHOTON NEWS RANCHI : संस्कृत विभाग, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, संस्कृत भारती, रांची और झारखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित संस्कृत सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति युवाओं की रुचि और ज्ञान को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस प्रतियोगिता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, रांची विश्वविद्यालय, रांची, मारवाड़ी कालेज, राची तथा रांची महिला महाविद्यालय, रांची के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरम्भ में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने श्लोकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत साहित्य में निबद्ध श्लोक भारतीय ज्ञान परंपरा के संवाहक हैं। मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राहुल कुमार ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने गीता, किरातार्जुनीय, शिशुपालवध, कादम्बरी, रघुवंश से श्लोकों का चयन किया और उनका पाठ किया। विद्यार्थियों ने शुद्धता, भाव और गहराई के साथ श्लोकों का उच्चारण किया जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। निर्णायक मंडल में डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी, डॉ. श्रीमित्रा, सोनी कुमारी एवं पृथ्वीराज सिंह सम्मिलित थे। निर्णायकों ने श्लोकों के उच्चारण, ध्वनि, शुद्धता, और उनके अर्थ की व्याख्या के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथि। ● फोटोन न्यूज

कांग्रेस नीति और सिद्धांतों की पार्टी : राजेश ठाकुर

RANCHI : कांग्रेस नीति और सिद्धांतों की पार्टी है। संगठन में आलाकमान का निर्णय सर्वोपरि और हमेशा संगठन की बेहतरी के लिए होता है। ये बात शनिवार को प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कही। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल नेता पद पर डॉ. रामेश्वर उरांव के मनोनयन का स्वागत किया।ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर काम करने का मौका देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के प्रति आभार जताया।

मकतब का निजाम समय की बड़ी जरूरत : आजाद

PHOTON NEWS RANCHI : वर्तमान हालात में मुसलमानों के लिए जरूरी है कि वे अगली पीढ़ियों को धर्म से जोड़े रखने की पद्धति पर विचार करें और ऐसा रास्ता अपनाएं कि हमारे बच्चे दीनी, दुनियावी शिक्षा में आगे रहें। उनकी धार्मिक पहचान भी पूरी तरह स्थापित हो। सबसे उपयोगी और परीक्षित विधि मकतब की प्रणाली है। उपरोक्त उल्लिखित हाफिज मुहम्मद आजाद हुसैन पैगाम तालीम-ए-कुरान केलिग्राफी मस्जिद अल-हरम मक्का ने कहा। हाफिज आजाद मक्का से दो वर्ष बाद शनिवार को उन्होंने पैगाम तालीम कुरान के अंदर में चलने वाले विभिन्न मकतब में पठन-पाठन की समीक्षा की। अल्हम्दुलिल्लाह, शिक्षा और प्रशिक्षण प्रणाली को उत्कृष्ट पाया, छात्रों के प्रति शिक्षकों का अच्छा व्यवहार देखा और शिक्षकों का अच्छा व्यवहार भी देखा।

सीएम हेमंत सोरेन की कोर्ट में उपस्थिति से छूट वाली याचिका पर सुनवाई टली

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर शनिवार को सुनवाई टल गई। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट नहीं बैठी। इस कारण सुनवाई टल गई। इससे पूर्व 22 जुलाई को ईडी की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया है। हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता ने पांच जुलाई को उक्त मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की है। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी है। तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।

राजधानी के सभी इलाकों में पिंक ऑटो परिचालन को लेकर ट्रैफिक एसपी को दिया गया निर्देश

शहर में पिंक ऑटो नेटवर्क को लेकर डीजीपी एक्टिव

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में महिला यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी। डीजीपी के निर्देश पर राजधानी में चलने वाले पिंक ऑटो का पूरे शहर में विस्तार किया जा रहा है। पिंक ऑटो राजधानी में चलने वाली एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें चालक से लेकर यात्री तक सभी महिलाएं होती हैं। अब तक राजधानी रांची के एक ही रूट में चलने वाली पिंक ऑटो का नेटवर्क अब पूरी राजधानी में दिखेगा। रांची के सभी रूट पर पिंक ऑटो का परिचालन करने के लिए खुद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने निर्देश जारी किए हैं। फिलहाल राजधानी के अरगोड़ा इलाके में ही पिंक ऑटो चलती हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पिंक ऑटो के परिचालन को लेकर बेहद ही महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। डीजीपी के अनुसार राजधानी के सभी इलाकों में पिंक ऑटो का परिचालन को लेकर रांची के ट्रैफिक एसपी को यह निर्देश दिया गया है कि वह खासकर महिला कॉलेज, शिक्षण संस्थान के साथ-साथ वैसे स्थान जहां महिलाओं की संख्या अधिक है, वहां पिंक ऑटो चलाने के लिए परमिट जारी करें। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पिंक ऑटो के ठहराव के लिए पुलिस को सभी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और कार्यालय के बाहर पार्किंग की व्यवस्था करने का भी निर्देश जारी किया गया है। राजधानी के सभी मार्गों पर पिंक ऑटो के परिचालन से कामकाजी महिलाओं के साथ-साथ स्कूल और कॉलेज आने-जाने वाली लड़कियों के लिए बेहद सुविधा हो जाएगी।

महिलाओं में खुशी

पिंक ऑटो को लेकर किए गए डीजीपी के पहल के बाद महिला ऑटो ड्राइवर में खुशी का माहौल है। सभी ने एक स्वर में डीजीपी अनुराग गुप्ता को धन्यवाद दिया है। महिला ऑटो ड्राइवर के अनुसार उनके ऑउटो में सिर्फ महिलाएं बैठती हैं। कई बार पुरुष ऑटो में बैठकर जाने में महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अगर हर रूट में पिंक ऑटो चलेंगी तो महिलाओं और घर के बेटियों को स्कूल, कॉलेज और अपने कार्यालय जाने में बेहद आसानी होगी।

रोजगार में होगी बढ़ोतरी

पिंक ऑटो चालकों का मानना है कि पूरे शहर में पिंक ऑटो के विस्तार से रोजगार में भी बढ़ोतरी होगी। महिला ऑटो ड्राइवर के अनुसार अगर उन्हें स्कूल कॉलेज के पास पार्किंग की व्यवस्था मिलती है तो वह प्राथमिकता के आधार पर छुट्टी के समय स्कूल और कॉलेज के बाहर मुस्तैद रहेंगी। वहां से बाहर निकलने वाली लड़कियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुचांया जाएगा।

क्या है पिंक ऑटो कांसेप्ट

राजधानी रांची के एक सीमित इलाके में पिंक ऑटो का परिचालन होता है। पिंक ऑटो एक ऐसी यातायात व्यवस्था है जिसमें ऑटो की ड्राइवर भी महिलाएं होती हैं और उसमें बैठने वाला हर यात्री भी महिला होती हैं। पिंक ऑटो में पुरुषों का बैठना मना है।

'राज्य सरकार जल्द करे विस्थापन आयोग का गठन'

RANCHI : माकपा ने राज्य सरकार से विस्थापन आयोग का गठन जल्द करने की मांग की है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड में विस्थापन आयोग का गठन किए जाने की घोषणा को लागू किए जाने का आग्रह किया है। माकपा ने पहले ही इस घोषणा का स्वागत करते हुए पिछले विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे। पार्टी ने मुख्यमंत्री से मांग की थी कि इस विस्थापन आयोग को केवल खनन मामलों तक ही सीमित नहीं रखा जाए। क्योंकि, झारखंड में खनन मामलों के अलावा एचईसी, बोकारो स्टील प्लांट सहित कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उद्योगों की स्थापना सहित कई डैम और सिंचाई परियोजनाओं और सेना की छावनियों के निर्माण सहित कई अन्य परियोजनाओं से भी किसानों का परिवार सहित विस्थापन हुआ है।

सीडीपीओ सहित सात महिला पर्यवेक्षिकाओं से जबाव तलब

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अनुश्रवण में लापरवाही पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को कार्रवाई की है। योजना के अनुश्रवण में लापरवाही एवं लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त नहीं करने पर रांची सदर की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित सात महिला पर्यवेक्षिकाओं को शो-कॉज किया गया है। साथ ही संतोषप्रद स्पष्टीकरण पाये जाने तक सभी का वेतन भी स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में लाभुकों की संख्या अनुरूप आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित अंचल अधिकारी के पास जमा नहीं होने की सूचना पर सत्यापन कराया गया। वार्ड-36 अरगोड़ा एवं नगड़ी अंचल के सत्यापन के क्रम में सेविकाओं द्वारा इंट्री हुए आवेदन को अपने पास रखने, अर्हत्ताधारी लाभुकों का सर्वेक्षण नहीं करने तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा क्षेत्र भ्रमण नहीं किए जाने का मामला संज्ञान में आया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है। सदर सीडीपीओ सहित सात महिला पर्यवेक्षिका को शो-कॉज करते हुए सभी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है कि किन परिस्थितियों में योजना का अनुश्रवण नियमित रूप से नहीं किया गया।

वेतन पर लगी रोक

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा।

समाचार सार

जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में लगा राखी मेला

JAMSHEDPUR : मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में शनिवार को एक्टिविटी सेल की ओर से राखी मेला लगाया गया। सेल की डॉ. अर्चना कुमारी गुप्ता, प्रो. सुदेष्णा बनर्जी व प्रो. मलिका हेजाब के मार्गदर्शन में लगे मेले का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. सत्यप्रिय महालिक ने किया। प्रदर्शनी में कॉलेज की छात्रा भवानी सिंह, सोनिया सिंह, लक्ष्मी कुमारी, निकिता कुमारी, सबा परवीन व तसनीमा जबीं ने स्टॉल लगाए थे। इस दौरान कॉलेज की महिला शिक्षिकाओं ने प्राचार्य डॉ. सत्यप्रिय महालिक को रक्षा सूत्र बांधा। प्राचार्य ने सभी को रक्षा का वचन और शुभकामना दी। यह आयोजन विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया, जिसे सभी ने सराहा। मेले में उपस्थित होकर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. पीके पाणि, डॉ. वीके मिश्रा, डॉ. अनिल चंद्र पाठक, डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, प्रो. एससी दास, डॉ. मोनीदीपा दास, प्रो. कुमारी प्रियंका, प्रो. शोभा मुवाल, डॉ. सुरभि सिन्हा, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. सुनीता गुड़िया, प्रो. हरेंद्र पंडित, डॉ. विद्या राज, डॉ. संजू, डॉ. मीनाक्षी वर्मा आदि ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

घरेलू महिलाओं ने लगाई फैशन प्रदर्शनी

JAMSHEDPUR : सोनारी स्थित सबुज संघ में घरेलू महिलाओं ने फैशन प्रदर्शनी लगाई है, जो रविवार को भी खुली रहेगी। प्रदर्शनी की संयोजक सुजीता दत्ता ने बताया कि यहां 15 स्टॉल लगे हैं, जिसमें साड़ी, कुर्ती, बेडकवर, ज्वेलरी, कॉस्मेटिक, फूड, बैग, हस्तशिल्प, मसाला पापड़, हैंडमेड फूड आइटम हैं। शनिवार को प्रदर्शनी का उद्घाटन समाजसेवी पूरबी घोष ने किया।

टाटा मोटर्स में आज-कल रहेगी छुट्टी

JAMSHEDPUR : टाटा मोटर्स, जमशेदपुर प्लांट में सोमवार को ब्लॉक क्लोजर लिया गया है। कंपनी द्वारा जारी सर्कुलर में बताया गया है कि 31 जुलाई को किए गए काम के बदले सोमवार को ब्लाक क्लोजर लिया गया है। वहीं रविवार को साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में कर्मचारियों को लगातार दो दिनों की छुट्टी मिलेगी।

चार नई रेल लाइन के फाइनल सर्वे की राशि स्वीकृत

JAMSHEDPUR : रेलवे बोर्ड ने दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के तहत 4 नई रेल लाइन निर्माण के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी दी है। स्वीकृति के साथ ही लोकेशन सर्वे के लिए 1.46 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत टाटा यार्ड से टाटा-बादामपहाड़ रूट कनेक्टिविटी के लिए 10 लाख रुपये, महुदा-कानूडीह सेक्शन के लिए 44.80 लाख रुपये, जकपुर-बेनापुर डबलिंग के लिए 22 लाख रुपये और रूपसा फ्लाईओवर, जो खड़गपुर-बांगरीपोसी को जोड़ेगी, के सर्वे पर 70 लाख रुपये खर्च होंगे।

पूरे कोल्हान में हड़ताल पर रहे डॉक्टर, परेशान हुए मरीज

JAMSHEDPUR : कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या से चिकित्सकों के बीच आक्रोश है। इसे लेकर पूरे कोल्हान में डॉक्टर हड़ताल पर रहे, जिससे ओपीडी बंद होने से मरीज परेशान हुए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) के बैनर तले हड़ताल पर रहे चिकित्सकों ने सरकारी व निजी अस्पतालों में ओपीडी के साथ-साथ पैथोलाजी और रेडियोलाजी सेंटर भी बंद रखा। चिकित्सकों ने साकची स्थित आइएमए भवन और इंडियन डेंटिस्ट्स एसोसिएशन ने बिष्टुपुर में रैली निकाल कर विरोध दर्ज कराया। टाटा मुख्य अस्पताल के चिकित्सकों ने काला बिल्ला लगाकर ओपीडी में काम किया।

पलामू में बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

PALAMU : जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची रोड रेडमा में पंकज धर्म कांटा के पास शनिवार को राइडर बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते युवक सड़क किनारे गिरा और उसके सिर में गंभीर चोटे आई। उसे एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया, जहां से उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने हथियार बेचने व खरीदवाने वाले दोनों को किया गिरफ्तार

सुसाइड के लिए युवक ने 22 हजार में खरीदी थी पिस्तौल

पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपी। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS PALAMU : तरहसी थाना क्षेत्र के गुरहा के रहने वाले आमिर खान पिता शमशेर खान ने हथियार खरीद कर सुसाइड की थी। हथियार बेचने और खरीदवाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उनकी पहचान जिले के मनातू के बंशीखुर्द निवासी नवाब खान पिता रईस खान और चैनपुर के शाहपुर के रहने वाले सोनू शाह उर्फ देवा पिता मुमताज खान के रूप में हुई है। नवाब हथियार बेचवाने में मेडिएटर की भूमिका निभाई थी, जबकि सोनू ने 22 हजार रुपए में 7 चक्रीय बंदूक बेचा था। नवाब को इसके लिए 1000 का कमीशन मिला था। सोनू को यह हथियार मेदिनीनगर के शास्त्री नगर की रहने वाली नमिता देवी ने रखने के लिए दिया था। बता दे कि नमिता देवी की कुछ महीने पहले सद्दीक चौक के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सोनू का नमिता देवी के साथ गैर कानूनी कार्यों में सांठ गांठ थी। तरहसी के थाना प्रभारी नीरज कुमार ने शनिवार को बताया कि 15 अगस्त को आमिर खान के द्वारा गोली मारकर आत्महत्या कर लेने की घटना के बाद अनुसंधान के दौरान घटना में इस्तेमाल सात चक्रीय बंदूक बरामद किया गया था। अवैध हथियार होने के कारण मामला दर्ज कर इसकी खरीद बिक्री के बारे में छानबीन शुरू की गई। पेशे से ड्राइवर आमिर खान की मुलाकात बंशीखुर्द के नवाब खान से हुई थी। नवाब ने बातचीत के क्रम में हथियार की आवश्यकता होने पर उससे संपर्क करने की बात कही थी। इधर, पत्नी से विवाद होने और लगातार इस मामले को लेकर पंचायती होने के कारण आमिर खान खुद से तंग आ गया था और उसने आत्महत्या की प्लानिंग कर ली थी। आमिर ने 12 अगस्त को नवाब खान से हथियार दिलाने की बात कही। नवाब पहले से चैनपुर के शाहपुर के रहने वाले सोनू शाह उर्फ. देवा से संपर्क में था। 5 प्रतिशत कमीशन पर हथियार दिलाने की बात कहकर 14 अगस्त को नवाब आमिर को लेकर शाहपुर पहुंचा औ? देवा से सात चक्रीय देसी बंदूक एवं दो गोली दिलवायी। बदले में आमिर खान ने सोनू शाह के फोन पे नंबर पर 22 हजार ट्रांसफर किए थे तथा 1000 रुपए नवाब खान को मिला था। आमिर ने जब आत्महत्या की तो उसके मोबाइल फोन को पुलिस ने जप्त करते हुए अनुसंधान में लाया तो पता चला कि उसने हथियार खरीदने के लिए पहले नवाब से संपर्क किया और फिर 22 हजार रुपए में सोनू उर्फ देवा से देसी बंदूक खरीदी थी। इसी के आधार पर दोनों की गिरफ्तारी हुई।

कर्मियों की मांग पूरा कर हड़ताल कराएं खत्म : सीटू

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे कर्मचारी। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KODERMA : अपने लंबित मांगों को लेकर पिछले 22 जुलाई से समाहरणालय एवं उसके अधीन विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में शनिवार को समाहरणालय स्थल पर धरना दे रहे हड़ताली कर्मियों को सीटू ने अपना समर्थन देकर एकजुटता का आह्वान किया। राज्य सरकार से जनहित में कर्मचारियों की मांगों को तर्कसंगत एवं कर्मचारी हितैषी समाधान करने की मांग किया और हड़ताल को तुरंत समाप्त करने का आग्रह किया है। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों का निराकरण न किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस हड़ताल के कारण कर्मचारियों के साथ साथ राज्य की जनता के हित भी प्रभावित हो रहे हैं। सरकार द्वारा अनुमोदित समिति की सिफारिश के अनुसार कर्मचारियों के वेतन ग्रेड का संशोधन, पदों का सृजन, पदोन्नति के लिए मौजूदा निर्धारित समय अवधि में कमी, मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोगेशन (एमएसीपी) के अनुसार पदोन्नति सुनिश्चित करने, पदनामों का गरिमापूर्ण और भव्य नामकरण, विभागीय परिक्षाओं तथा कर्मचारियों का उपरी वर्गीकरण के मानदंडों में संशोधन, कार्य और जिम्मेदारियों का तर्कसंगत पुनर्निर्धारण, संविदा कर्मियों को नियमित करने तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा सरकारी कर्मचारियों के रूप में सुनिश्चित करने जैसी हड़ताली कर्मचारियों की मांगों के प्रति सीटू की राज्य कमिटी समर्थन और एकजुटता देते हुए तमाम ट्रेड यूनियन, जनवादी संगठन तथा समाज के सभी लोगों से इस हड़ताल को समर्थन करने का अपील करता है।

15 लाख के इनामी नक्सली का पोस्टर जारी माओवादी नितेश का चेहरा आया सामने

PHOTON NEWS PALAMU : खूंखार माओवादी नितेश यादव का पहली बार चेहरा नजर आया है। नितेश यादव झारखंड बिहार में 100 से भी अधिक नक्सली हमले का आरोपी है। जबकि 25 से अधिक जवानों के शहीद होने की घटनाओं में शामिल रहा है। पलामू पुलिस से 15 इनामी माओवादियों का पोस्टर जारी किया। पोस्टर में पहली बार नितेश यादव का चेहरा नजर आया है। पुलिस पलामू के पिपरा, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार, हुसैनाबाद, पांडु, मनातू, रामगढ़, छतरपुर, चैनपुर रामगढ़ के इलाके में इन पोस्टरों को लगवा रही है। पोस्टर के माध्यम से आम लोगों को सूचना देने का आग्रह किया गया है और नंबर भी जारी किया गया है। पुलिस ने नक्सलियों का नाम पता बताने वाले लोगों की पहचान छिपाने की बात कही है। नितेश यादव बिहार के गया के डुमरिया थाना क्षेत्र के तरवाडीह का रहने वाला है। पोस्टर के माध्यम से नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की जा रही है। पुलिस लगातार यह बात बोल रही है कि कमांडर आत्मसमर्पण करें। पुलिस एवं सुरक्षाबलों का अभियान लगातार चल रहा है। माओवादियों के रीजनल कमेटी सदस्य और 15 लाख के इनामी नितेश यादव उर्फ इरफान, 10 लाख इनामी गोरदाई यादव उर्फ संजय, 10 लाख इनामी विवेक यादव उर्फ सुनील, 10 लाख इनामी मनोहर गंझू, जेजेएमपी के सुप्रीमो 10 लाख इनामी पप्पू लोहरा उर्फ सोमेद लोहरा, टीपीसी का रीजनल कमांडर 15 लाख इनामी आक्रमण गंझू, 10 लाख इनामी शशिकांत गंझू, उज्ज्वल उर्फ हरिवंश, निशांत यादव, मुखदेव यादव और अखिलेश यादव के नाम शामिल हैं।

तुष्टीकरण और झूठ की राजनीति अब और नहीं चलेगी : संजय सेठ

कार्यकर्ताओं के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व अन्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था और युवाओं को ठग कर सत्ता पर काबिज हेमंत सरकार के विरोध में 23 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नेतृत्व में प्रदेश भर के भाजपा कार्यकर्ता सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। इसके लिए शनिवार को मंडल अध्यक्ष राम लगन राम के नेतृत्व में गोंदा मंडल (कांके) में एक बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि तुष्टीकरण और झूठ की राजनीति अब और नहीं चलेगी। कांके विधायक समरी लाल ने कहा कि सरकार ने जो युवाओं को नौकरी के नाम पर ठगने का काम किया है, आनेवाली 23 तारीख को पूरे प्रदेश के युवा सरकार से अपना रिपोर्ट कार्ड मांगेंगे। महानगर जिला महामंत्री बलराम सिंह ने कहा गठबंधन की सरकार ने जनता को 8500 रुपये का लालच देकर ठगने का काम किया और फिर मंईयां योजना के नाम पर फिर एक लॉलीपॉप पकड़ने का काम कर रही है। बैठक में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह, वार्ड संख्या 1 के पार्षद नकुल तिर्की, राम प्रसाद जालान, जिला मंत्री विकास रवि, जिला आईटी संयोजक नयन परमार सहित जितेंद्र सिंह, नरेंद्र पांडे, बलराम प्रसाद, राजेश रजक, राजू रजक, सत्येंद्र सिंह, राजा भट्टाचार्यजी, आनंद कुंवर, भोला नायक, संतोष रवि, करण नायक, पूनम बाला, छाया, रजनी, गीता, अनिता, नितेश सिंह, सुमित, रंजीत कुमार, छोटन लोहरा, शंकर करमाली, विक्की, जगत, मुकेश, अभिषेक, नारायण नायक, प्रदीप लकरा, मनोज, राजेंद्र, बिनोद सिंह, सूरज वर्मा काजल, विशाल इत्यादि सैकड़ो कार्यकताओं की मौजूदगी रही। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री कुंदन सिंह और धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार ने किया।

टेल्को में फंदे पर लटका मिला युवती का शव

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : टेल्को थाना अंतर्गत प्रेमनगर निवासी 19 वर्षीय राखी गोराई का शव उसके घर में फंदे पर लटका पाया गया। राखी के हाथ-पैर बंधे हुए थे। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल फंदे से उतरकर टीएमएच ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। राखी के पिता जोगेंद्र गोराई साकची में एक कपड़े की दुकान में काम करते हैं, जबकि छोटा भाई स्कूल में पढ़ता है। घटना के वक्त पिता काम पर गए थे, वहीं भाई स्कूल गया था। राखी की मां गीता गोराई किसी काम से घर से बाहर गई थी, इसी बीच यह घटना घटी। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है।

रक्षाबंधन के दिन था राखी का जन्मदिन

जोगेंद्र गोराई ने बताया कि उनकी बेटी ग्रेजुएट कॉलेज से बीसीए की पढ़ाई कर रही थी। 19 अगस्त को उसका जन्मदिन था। जन्मदिन के लिया नए कपड़े भी खरीद लिए थे, बेटी ने मोबाइल फोन खरीदने की इच्छा जताई थी। पत्नी मोबाइल खरीदने के लिए साकची गई थी, लेकिन कुछ कागजात कम पड़ रहे थे। इसके लिए गीता ने घर के नंबर पर फोन किया पर राखी ने फोन नहीं उठाया। गीता ने पड़ोसी को फोन कर राखी से बात करने को कहा। पड़ोस में रहने वाली महिला जब घर गई तो उसने पाया कि घर का दरवाजा खुला हुआ है। दरवाजे पर हल्का सा धक्का मारने पर वह खुल गया। उसने पाया कि राखी फंदे पर लटकी हुई है।

अज्ञात युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र के बरडीह गांव के पास एक अज्ञात युवक को धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई है। उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में काफी दहशत है। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार सुबह कराईकेला के थाना प्रभारी अंकित कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे, जिसके बाद उन्होंने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। युवक के गले में जख्म के निशान हैं. जिससे प्रतीत होता है कि युवक की हत्या गला रेत कर की गई है। पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर उसकी पहचान करने में जुटी है।

महिला डॉक्टर के रेप-हत्या के खिलाफ सड़क पर प्रदर्शन

प्रदर्शन करतीं महिला चिकित्सक। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS HAZARIBAGH : कोलकाता में ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में शनिवार को ओपीडी बंद कर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज समेत जिले के होमियोपैथी चिकित्सको ने ओपीडी कार्यों का बहिष्कार किया। इस दौरान चिकित्सक सड़क पर उतरकर हत्याकांड में संलिप्त दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की। चिकित्सकों ने कहा कि देश में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों की सुरक्षा को लेकर सरकार को गंभीर होना चाहिए। आए दिन किसी न किसी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उनकी हत्या की घटना बेहद निन्दनीय है। दोषियों को पकड़ कर कठोर सजा देने की हम मांग करते हैं। ओपीडी बंद रहने के कारण दूर-दराज से आए मरीज व उनके परिजन इधर-उधर भटकते नजर आए।

मालगाड़ी के सील डिब्बे को तोड़कर लूट ले गए चावल के 200 बोरे

CHAKRADHARPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में राजगांगपुर व सोनाखान रेलवे स्टेशन के बीच 12 अगस्त को खड़ी मालगाड़ी का डिब्बे का सील तोड़ कर करीब 200 बोरा चावल चुरा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। चोरों ने एफसीआई के 50 केजी वाले करीब 200 बोरी चावल चोरी कर लिया है। इसकी कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में राजगांगपुर आरपीएफ थाने में चावल चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी होने के बाद आरपीएफ सक्रिय हुआ, लेकिन अब तक चोर गिरोह के किसी सदस्य की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस संबंध में चक्रधरपुर मंडल सुरक्षा आयुक्त पी शंकर कुट्टी को फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

पुराना नगर भवन में युवा सह नगर सम्मेलन समारोह का हुआ आयोजन, कई लोग पार्टी में हुए शामिल

सत्ता के लिए भत्ता दे सकती है सरकार : सुदेश

PHOTON NEWS LOHARDAGA : आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार ने जनता की उम्मीदों को तोड़ा है। जनता ने इन्हें सेवा का अवसर दिया था लेकिन उस अवसर का प्रयोग इन्होंने अपनी विरासत बनाने और खुद का विकास करने के लिए किया। अपने भविष्य को लेकर चिंतित युवा जेएसएससी परीक्षा की तिथि को बदलने समेत अन्य मांगों को लेकर आज धरने पर बैठे हैं और सरकार के पास उनकी बात सुनने तक का समय नहीं है। युवाओं के सपनों को बेचने वाली इस सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में युवा हित के लिए कोई काम नहीं किया। सरकार सत्ता के लिए युवाओं को भत्ता दे सकती है। सुदेश कुमार महतो लोहरदगा के पुराना नगर भवन में शनिवार को आयोजित युवा सह नगर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। उन्होंने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, अपराध, अराजकता, बेरोजगारी और पलायन इस सरकार की पहचान बन गई है। सरकार का विकास धरातल पर नहीं सिर्फ विज्ञापनों पर दिखाई देता है। इनकी गलत नीतियों और विकास को लेकर इच्छाशक्ति की कमी के चलते राज्य विकास के मानकों पर पिछड़ गया है। वोट कमाने वाली चीज है पर सरकार वोट खरीदने की तैयारी कर रही है।

महतो ने कहा कि खनन के साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में भी लोहरदगा में विकास की असीमित संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को हकीकत में बदलने के लिए बेहतर नेतृत्व की आवश्यकता है। यहां की जनता ने बड़ी उम्मीद के साथ प्रशासनिक अनुभव रखने वाले नेता को अपना मत दिया लेकिन उन्होंने इस क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। पिछले पांच सालों में यहां लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था भी बिगड़ी है। यह समय झारखंड आंदोलनकारी कमल किशोर भगत के सपनों को आवाज देने और उसे हकीकत में परिवर्तित करने का है। हमारा संकल्प लोहरदगा को उसकी क्षमता अनुरूप तैयार करना का है। लोहरदगा पार्टी कार्यालय स्थित आजसू पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष सह लोहरदगा के पूर्व विधायक झारखंड आंदोलनकारी कलम किशोर भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुदेश कुमार महतो ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कमल दा के विचारों और उनके द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को पूरा करना हमारा दायित्व। जीवन भर उन्होंने राज्यहित के लिए कार्य किया। उनके सोच के अनुरूप विकसित लोहरदगा बनाने के लिए हर एक कार्यकर्ता कमर कस ले।

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिकों ने दिया व्याख्यान

न्यूक्लियर एनर्जी साफ-सुथरी, उत्पन्न नहीं होने देती कार्बन : डॉ. डी.असवाल

कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजन। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में शनिवार को भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (बार्क) हेल्थ सेफ्टी एंड एन्वायरमेंट ग्रुप के निदेशक डॉ. डी. असवाल ने व्याख्यान दिया। डॉ. असवाल ने कहा कि रेडिएशन को लेकर लोगों के मन-मस्तिष्क और समाज में कई तरह की भ्रांतियां हैं। ऐसा नहीं है कि हर तरह का रेडिएशन नुकसानदेह होता है।

गामा किरणों के बारे में बताया कि यह हमारे वातावरण में मौजूद है, लेकिन इससे नुकसान नहीं पहुंचता। यदि इसका स्तर बढ़ जाए, तभी यह नुकसानदेह है। न्यूक्लियर एनर्जी के संबंध में उन्होंने कहा कि यह सबसे साफ सुथरी एनर्जी है एवं इससे कार्बन डायक्साइड गैस उत्पन्न नहीं होती है। इससे पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचता है। इससे दुर्घटना की संभावना कम होती है। उन्होंने बार्क के संदर्भ में बताया कि भारत में यह एक ऐसा संस्थान है, जिसने विज्ञान को उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने छात्राओं को यह आश्वासन दिया कि उनके लिए बार्क का भ्रमण करने का अवसर उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कुछ पाठ्य सामग्री भी दी। इससे पूर्व यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो. राजेंद्र कुमार जायसवाल ने स्वागत भाषण दिया, जबकि कुलपति प्रो. (डॉ.) अंजिला गुप्ता ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। अध्यक्षीय भाषण में कुलपति ने कहा कि यदि बार्क के साथ एमओयू हो जाए तो यूनिवर्सिटी की छात्राएं अधिक लाभान्वित हो पाएंगी। इस अवसर पर कई वैज्ञानिक, सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

पृथ्वी के निर्माण और संचालन प्रक्रिया को समझने के लिए आदर्श क्षेत्र है येलोस्टोन नेशनल पार्क

ये लोस्टोन क्षेत्र समुद्रतल से औसतन 8000 फिट ऊंचा है, यहाँ की कई चोटियां तो 13,000 फीट ऊंची हैं, 8983 वर्ग किमी के इलाके में बर्फ से ढकी पहाड़ी चोटियां , शुद्धतम जल से लबालब झीलें और नदियां , भरपूर वन्य जीवन, वनस्पतियाँ तो हैं ही साथ ही यह धरती मां की जीवंत प्रयोगशाला भी है, जिस में विकास और विनाश के रहस्य अध्ययन करने का पूरा पूरा अवसर है. सिएटल से येलोस्टोन जाने के लिए सड़क मार्ग से स्पोकेन होकर 14 घंटे लगते हैं, फ्लाइट से जाना आसान है, इसलिए करीबी एयरपोर्ट अलास्का से यह दूरी कोई 1000 मील है.पूरा रास्ता वाशिंगटन राज्य के बर्फीले पहाड़ों, हरे भरे मैदानों से हो कर गुजरता है, मीलों मीलों में फैले खेत आबादी का पता नहीं, पूरी खेती बड़ी यंत्रीकृत है। यह राज्य साल में इतना गेंहू पैदा कर लेता है जो पूरे अमरीका के लिए काफी होता है.दरअसल बोजमैन येलोस्टोन जाने के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है, यहाँ से पार्क का प्रवेश द्वार केवल 90 मील रह जाता है.

ऐतिहासिक कालखंड

पार्क का क्षेत्र तीन अमरीकी राज्यों मोंटाना, व्योमिंग और आइडाहो में फैला हुआ है.इस इलाके को विभिन्न कबीलों और जनजातियों ने 11,000 वर्षों से अपना आवास बनाया थाये लोग आखेट करते थे, झरनों, नदियों से मछलियां पकड़ते थे , विभिन्न जड़ी बूटियों को खाने और उपचार के काम में लेते थे , ये लोग तापीय झरनों का पानी उपचार और धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल करते थे.अमरीका में आये यूरोपीय लोगों को अठाहरवीं शताब्दी की प्रारम्भ में इस विलक्षण इलाके का पता लगा.1830 के आस पास ओस्बोर्न रसेल ने इस इलाके के बारे में काफी विस्तार से लिखा, उसके आलेख से प्रभावित होकर 1869 में एक अध्ययन टीम डेविड ई कोलमेन के नेतृत्व में यहाँ आयी , टीम ने येलोस्टोन झील के अप्रतिम सौंदर्य, कैन्यन विस्तार, तापीय बेसीन और रॉक बनावट के बारे में अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। इसके अगले वर्ष चार्ल्स कुक और फॉल्सम की खोजी टीम ने भी ऐसी ही रिपोर्ट प्रस्तुत की , इसके आधार पर 1872 में राष्ट्रपति ग्रांट और अमरीकी सीनेट ने इस इलाके को संरक्षित क्षेत्र अर्थात नेशनल पार्क घोषित कर दिया। इस पार्क को दुनिया का पहला संरक्षित क्षेत्र होने का भी गौरव हासिल है। उस समय एक सीनेटर ने कहा था कि यह क्षेत्र अमरीका के फेफड़ों के लिए ताजा हवा का काम करेगा। प्रारम्भ में इसकी देखभाल अमरीकी सेना के पास रही बाद में १९१६ में नेशनल पार्क सर्विस की स्थापना के बाद से पार्क उसके अधीन कर दिया गया.

कहानी की शुरुआत

एक अनुमान के हिसाब से पृथ्वी अब से कोई 4600 करोड़ वर्ष पहले बनी तब से लेकर 5400 लाख वर्ष पूर्व तक के काल की चट्टानों से येलोस्टोन का इलाका बना है.ये सारी चट्टानें टीटान,बेरटूथ, विंड रिवर और ग्रॉस वेंट्रे इलाकों में हैं.5400 लाख से लेकर 660 लाख वर्ष के काल में अमरीका का पश्चिमी इलाका समुद्र, रेतीले पहाड़ों , विस्तृत मैदानों से आछादित था, इसके बाद पहाड़ बनने की प्रक्रिया से रॉकी माउंटेन क्षेत्र विकसित हुआ.यहाँ पर्वत बनने और पृथ्वी की सतह ऊँची नीची होने के कारण हिलने डुलने और बर्फ जमने से येलोस्टोन इलाका अस्तित्व में आया.500 लाख वर्ष पहले पार्क के उत्तरी और पूर्वी इलाके में अब्सरोका श्रंखला कई ज्वालामुखी फटने से अस्तित्व में आयी.लेकिन उस ज्वालामुखी प्रक्रिया का सम्बन्ध आज की येलोस्टोन ज्वालामुखी गतिविधियों से नहीं है। एक अनुमान के अनुसार 300 लाख वर्ष पूर्व आज का पश्चिम पूर्व पश्चिम धुरी के साथ खिंचता गया। खिंचने की यह प्रक्रिया 170 लाख वर्ष पहले कुछ और बढ़ गयी और अभी तक जारी है जिसके कारण नए ,बेसिन बने है , उत्तर-दक्षिण पर्वत श्रंखला और उसकी लम्बी घाटी भी इसी प्रक्रिया से बनी है.इस तरह से पूरा दक्षिण का क्षेत्र जिसमें येलोस्टोन भी शामिल है निर्मित हुआ है.165 लाख वर्ष पहले आज के समूचे आइडहो, ओरेगॉन और नेवाडा इलाके में ज्वालामुखी विस्फोटों का सिलसिला निरंतर चलता रहा.वहां से पिघला हुआ लावा प्रवाहित हो कर दक्षिण आइडहो से येलोस्टोन की ओर आ गया। उत्तरी अमरीका की प्लेट इस पिघलते हुए लावा पर खिसक कर दक्षिण पश्चिम दिशा में आ गयी जिससे येलोस्टोन क्षेत्र भी पिघले लावा के समीप आ गयी , तबसे ज्वालामुखी इस क्षेत्र के अंदर लगातार सक्रिय है.

येलोस्टोन लेक

यह लेक 136 वर्ग मील के क्षेत्र में फैली है और इसका घेरा 110 मील का है , समुद्र तल से 7,732 फीट की ऊंचाई पर अवस्थित यह लेक इलाके का सबसे बड़ा जलभंडार है, लेक की गहराई कहीं कहीं 392 फीट तक चली गयी है , जाड़ों में लेक पर 3 फीट बर्फ की चादर जम जाती है. हाँ,जहाँ जहाँ लेक में गर्म सोते हैं वहां बर्फ नहीं जमती है। लेक दिसंबर में जमती है और मई या फिर जून के प्रारम्भ में पिघल जाती है। लेक में कटथ्रोट ट्राउट, लोंगनोज डेस , रेडसीडे शाइनर, लांगनोज सकर्स मछलियां पाई जाती है.लेक का पानी इतना साफ है कि फिशिंग ब्रिज से कटथ्रोट ट्राउट, लोंगनोज डेस मछली आसानी से देखी जा सकती हैं.अन्य किस्म बहुत छोटे आकार की होती हैं अतः उन्हें स्पॉट करना ब्रिज से संभव नहीं है. येलोस्टोन नदी पार्क की दक्षिण पूर्वी अब्सरोका पर्वत श्रंखला यौंत शिखर के ढलान से अपना सफर शुरू करके 671 मील चल कर मोंटाना और नार्थ डकोटा सीमा पर मिसौरी नदी में मिल जाती है, अंतत मिसोरी गल्फ आफ मेक्सिको में अटलांटिक सागर से विलीन हो जाती है.लेक के किनारे विशेषकर फिशिंग ब्रिज के आस पास के कीचड वाले इलाके में सुबह शाम मूज देखने को मिल जाते हैं।

येलोस्टोन इतना महत्वपूर्ण क्यों है

येलोस्टोन की प्राकृतिक प्रक्रिया पूरी तरह से संरक्षित तापीय इको प्रणाली में कार्यरत है और अभी तक इसमें मानवीय दखलंदाजी बहुत कम हुई है. इस लिए पृथ्वी के निर्माण और संचालन प्रक्रिया को समझने के लिए यह क्षेत्र आदर्श है, यही नहीं यहाँ 11,000 वर्षों से मानवीय गतिविधियां निर्बाध रूप से चल रही हैं इस लिए मानव जाती के इतिहास और वास्तुशिल्प का सिलसिलेवार लेखा जोखा मौजूद है. यहाँ भूगोलविद और अन्य वैज्ञानिक लैंडस्केप स्तर पर बदलाव से इको - प्रणाली पर प्रभाव से लेकर सूक्ष्म जीव संरचनाओं के अध्ययन में जुटे हुए हैं जिनका प्रभाव केवल पार्क ही नहीं पूरी दुनिया पर पड़ने वाला है.

प्रकृति की अपनी प्रयोगशाला

पृथ्वी की निचली सतह से पिघली हुई चट्टानें पिछले 20 लाख वर्षों से येलोस्टोन में ऊपरी सतह के बेहद करीब हैं जिसके कारण ऊपरी सतह के बहुत करीब कहीं पिघली तो कहीं ठोस चट्टानों के कक्ष बन गए हैं, पिघली चट्टानों की गर्मी से धरती की ऊपरी सतह लगातार फैलती और ऊंची उठती रहती है, इसी कारण इस क्षेत्र में भूकंप भी निरंतर आते रहते हैं.जगह जगह आये क्रैक्स में से पिघली चट्टानों की गर्मी, राख और गैस वायुमंडल तक फव्वारे जहाँ तहँ से निकलती रहती है.जहाँ जहाँ पिघले हुए लावा के भूमिगत चैम्बर खाली हो गए हैं वहां जमीन धंस गयी है और काल्डेरा यानी ज्वालामुख-कुंड बन गए हैं. कुल मिला कर येलोस्टोन में तीन विशाल काल्डेरा हैं जो भूगर्भ शास्त्रियों को इतने समीप से प्रकृति के रहस्यों का अध्ययन करने का अवसर प्रदान करते हैं.

प्रकृति का थर्मामीटर

येलोस्टोन में किये जा रहे अध्ययन से पता चला है कि प्रकृति में प्रतिकूल ताप पर भी जीवन संभव है, इससे लगता है कि अन्य ग्रहों पर भी किसी न किसी रूप में जीवन होने की संभावनाएं हैं. 1968 में शोधकर्ता थामस ब्रॉक ने पहली बार येलोस्टोन के उच्च तापीय स्प्रिंग में माइक्रोब खोज कर चिकित्सा और विज्ञान के क्षेत्र में धमाका किया था, इस शोध से जीवन सम्बन्धी अन्य रहस्यों को भी धीरे धीरे अनावृत करने का काम काफी आगे बढ़ा है.

मिडवे गाइजर बेसिन के अन्य गाइजर और पूल

येलोस्टोन के मध्य गाइजर बेसिन भले ही आकार में छोटे हैं लेकिंग उनमें काफी विविधता है , इनमें से हम एक्सेलसियर गाइजर, विशाल गाइजर क्रेटर, फिरोजी पूल और ओपल पूल देख पाए। फायर होल नदी के पास में घूमते हुए विविध किस्म के गैसीय पार्टिकल की गंध का अनुभव भी हुआ बताते हैं कि सन 1800 के आस पास एक्सेलसियर गाइजर से 300 फिट की ऊंचाई तक गैसीय पदार्थ निकला करते थे , इस पूरे क्षेत्र में इसी लिए घूमते समय पूरी सावधानी की सलाह दी जाती है क्या पता कब गैसीय पदार्थ फव्वारे की तरह निकल पड़ें ऐसा इसलिए भी कि 1985 में यहीं पर अचानक दो दिन तक लगातार इरप्शन हुआ जिसकी ऊंचाई 80 फिट तक नापी गयी।

मिडवे गाइजर बेसिन कहाँ हैं?

ये गाइजर ओल्ड फेथफूल से करीब ही उत्तर में हैं, यहाँ जाने के लिए हमने तो पश्चिम प्रवेश द्वार से ग्रैंड लूप रोड पर 25 मील ड्राइव किया, यहाँ दोपहर में जबरदस्त भीड़ रहती है , हमारे कुछ मित्रों ने सलाह दी थी कि सुबह सवेरे पहुंचना आसान है, उनकी सलाह मान कर हम इन्हे आराम से देख पाए. येलोस्टोन का ग्रैंड कैनियन यहाँ का ग्रैंड कैनियन सच में देखने वाली जगह है , यह पार्क के उत्तरी पूर्वी किनारे पर है, समीप में छोटा सी आबादी कैनियन विलेज है.लगातार जंगल, पहाड़ देखते देखते यहाँ कुछ दुकानें, रेस्टॉरेंट , ठहरने के लिए कई लाज और पर्यटक केंद्र होने के कारण लगता है जैसे शहरी आबादी में पहुँच गए हों। ग्रैंड कैनियन हजारों वर्ष तक हवा, पानी और अन्य प्रकृतिक हलचलों का नतीजा है क्रैनियन 20 मील से भी अधिक लम्बा है और चौड़ाई कोई डेढ़ मील है, कैनियन की दीवारें 1000 फिट ऊंची हैं जिन्हे देख कर लगता है कि जैसे लाखों संगतराशों ने मिल कर इस अगढ़ रचना को मिल कर सैकड़ों हजारों साल में तराशा हो.इस कैनियन मार्ग से येलोस्टोन रिवर बहती है, यह व्योमिंग, मोनटाना, नार्थ डकोटा राज्यों से गुजर कर 600 मील का सफर तय करती है , यह पूरी तरह से स्वछंद है कहीं भी इस पर कोई डैम नहीं बनाया गया है। कैनियन विलेज के पास दो आब्सर्वेषां पाइंट हैं जहाँ से येलोस्टोन फॉल की विशालता और भव्यता को महसूस किया जा सकता है, फाल तक पहुँचने के लिए ट्रेल भी हैं, रास्ता जरा संकरा है, बहुत से सैलानी वहां जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते.



नारिस थर्मल गाइजर

नारिस गाइजर बेसिन येलोस्टोन पार्क के व्योमिंग क्षेत्र में हैं, ये पार्क का सबसे गर्म तापीय भाग है, इसमें तीन मुख्य बेसिन हैं : पोर्सलीन - इसमें दूधिया रंग के भाप भरे परिदृश्य हैं जो 075 मील की धूल भरी ट्रेल और बोर्डवॉक कैस्केड के जरिये देखे जा सकते हैं, यहाँ तापीय गतिविधियों के कारण पेड़ एक दम सूख गए हैं। बैक बेसिन - यह घने पेड़ों वाला क्षेत्र है जिसमें कई गाइजर और तापीय स्प्रिंग हैं , इसके चारों ओर 15 मील का धूल भरा ट्रेल और बोर्ड वाक है. सौ स्प्रिंग वाला मैदान - यह नारिस गाइजर बेसिन का ट्रेल के बाहर का इलाका है, यहाँ की हवा में जबरदस्त अम्लीय उपस्थिति है, जमीन पोली और खतरनाक है इस लिए पार्क अधिकारी सैलानियों को यहाँ आने के लिए हतोत्साहित करते हैं. नारिस बेसिन में सतह से 1000 फीट जबरदस्त भूगर्भीय तापीय गतिविधि चल रही है, नारिस तापीय प्रणाली में पार्क का सबसे अधिक तापक्रम 459 डिग्री फारेनहाइट रेकॉर्ड किया गया हैआश्चर्य की बात यह है कि इतने अधिक तापक्रम के वावजूद यहाँ सेजब्रश छिपकली आराम से रह लेती है.यहाँ अम्लीय ताल और उच्च तापक्रम वाले पानी के सतही किनारों पर हरे, गुलाबी और नारंगी रंग के अति सूक्ष्म जीव मजे से पनपते हैं, इन तालों से वहने वाले आयरन डाई आक्साइड, आर्सेनिक कम्पाउंड , सल्फर के कारन रंगों की छठा कुछ और निखार आती है, इन्ही के कारण पूरा क्षेत्र रंग बिरंगा नजर आता है.

ओल्ड फेथफुल इन

पार्क और उसके बाहर ठहरने के बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं। हम पार्क के गेट से कोई 10 मील पहले रेनबो कैम्पिंग साइट पर एक आठ कमरे वाले बड़े घर में रुके थे जो काफी आरामदेह और किफायती रहा.लेकिन येलोस्टोन में ठहरने के लिए सबसे बेहतरीन जगह ओल्ड फेथफुल इन है जो ओल्ड फेथफुल गाइजर के ठीक सामने है। इसे राबर्ट सी रीमार ने 1904 में डिजाइन किया था , उस जमाने में यह 1,40,000 डालर की लागत में तैयार हुआ था.यह दुनिया भर में विशालतम लॉग स्टाइल संरचना है, इसकी लॉबी 74 फीट ऊंची है.इसमें लकड़ी के अलावा ज्वालामुखी से निकले हुए पदार्थों का भी इस्तेमाल किया गया है। यहाँ आने वाले सैलानियों में होटल में ठहरने से लेकर भोजन करने के लिए जबरदस्त क्रेज है. होटल पिछले सौ वर्षों से अतिथि सेवा और अच्छे भोजन के लिए सैलानियों में क्रेज से कम नहीं है.पूरी लकड़ी की संरचना होने के वावजूद इस होटल में ठहरने के लिए 140 कमरे मुख्य संरचना में हैं.1914 और 1927 में भवन विस्तार किये जाने परयहाँ कुल मिला कर 300 कमरे हो चुके हैं.होटल मई में खुलता है और अक्टूबर के प्रारम्भ तक खुला रहता है.

पार्क का वन्य जीवन



पार्क में वन्य जीवन भी काफी विविधता से भरा है काले और ग्रिजली भालू, यल्क, बायसन तो हैं ही साथ ही स्तनपायी जीवों की 60 से भी अधिक किस्में मौजूद हैं। पार्क में पक्षी जीवन भी काफी विविधता भरा है , यहाँ बाल्ड ईगल,ब्लैक बिलड मैगपाई, ग्रे जे, कव्वे का बड़ा भाई रैवेन, ऑस्प्रे, कनाडियन गीस, मैलर्ड डक, ट्रम्पेटेर हंस, सफेद पेलिकन, पहाड़ी ब्लू बर्ड बहुतायत से पाए जाते हैं.

पार्क के अन्य आकर्षक स्थल



ओल्ड फैथफुल गाइजर

इस गाइजर को 1870 में वशबर्न और उनकी खोजी टीम ने ढूंढा था, इसका नामकरण इरप्शन की नियमितता को देखकर किया गया था. जब से यह खोजा गया है इसके 10 लाख से भी अधिक इरप्शन हो चुके हैं ! इरप्शन का अनुमान इतना सटीक होता है कि इसमें 10 से 20 मिनट का अंतर रहता है. विशेषज्ञों की माने तो एक बार के इरप्शन से 8,400 गैलन तक प्रवाहन होता है और स्रोत से निकलने वाले पानी का तापक्रम 204 डिग्री फारेनहाइट तक रहता है। गैस का तापमान 350 डिग्री फारेनहाइट तक पहुँच जाता है.

मैमथ हाट स्प्रिंग्स टेरेस

ये स्प्रिंग्स पश्चिमी प्रवेश द्वार के बिलकुल समीप ही हैं.दुनिया में कहीं भी मैमथ हाट स्प्रिंग्स जैसे फाउंटेन न तो प्रकृतिक रूप में देखने को मिलते हैं न ही कहीं मनुष्य द्वारा बनाये जा सके हैं। टेरेस की धवल और कहीं कहीं रंगीन चट्टानों से धीरे धीरे पानी बहता रहता है। ये स्प्रिंग प्रारम्भ से उन लोगों को आकर्षित करते रहे हैं जो अपनी विभिन्न बीमारियों का हल खनिज जालों में तलाशते रहे हैं। मैमथ हाट स्प्रिंग येलोस्टोन के गहरे वाल्कनीक बालों की बाह्य अभिव्यक्ति कहे जा सकते हैं, हालाँकि ये स्प्रिंग काल्डेरा क्षेत्र से बाहर हैं लेकिन फिर भी विशेषज्ञों की मने तो इनमें गर्म हवाओं का प्रवाहन येलोस्टोन के उन्हीं मग्नामैटिक प्रणाली से हैं जो यहाँ के अन्य तापीय क्षेत्रों को सक्रिय रखे हुए हैं.नारिस गाइजर बेसिन और मैमथ के बीच में फाल्ट लाइन है जिसके कारण उसके बीच में तापीय पानी बहता है.इस क्षेत्र में अनेक बासाल्ट इरप्शन हो चुके हैं, मैमथ क्षेत्र में गर्मी का स्रोत शायद बासाल्ट ही हैं। तापीय गतिविधि इस इलाके में कई हजार वर्षों से जारी है, टेरेस पहाड़ी पर ट्रेवरटाइन की मोटी चादर चढ़ी हुई है. मैमथ हाट स्प्रिंग टेरेस उस पहाड़ी से जहाँ आज हमने इसे देखा आगे परेड ग्राउंड तक चले गए हैं और आगे जा कर बॉयलिंग नदी में मिल जाते हैं। देखा जाय तो मैमथ हाट स्प्रिंग होटल और फोर्ट येलोस्टोन पुरानी टेरेस संरचना पर ही बने हुए हैं.जब 1891 में जब फोर्ट की जमीन पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ था तो यह चिंता व्यक्त की गयी थी कि नीचे की खोखली हुई जमीन भवन का भर नहीं संभल पाएगी, आज भी परेड ग्राउंड में अनेक बड़े आकार के गहरे होल देखे जा सकते हैं।

ग्रैंड प्रिस्मैटिक

यह तो सही है कि ओल्ड फेथफुल ज्यादा प्रसिद्ध है लेकिन येल्लोस्टोन पार्क में सबसे ज्यादा फोटो ग्रैंड प्रिस्मैटिक हाट स्प्रिंग के लेते हैं , इसका कारण इसके चमचमाते इंद्रधनुषी रंग और इसका विशाल आकार है.पार्क अधिकारियों ने इसके इर्द गिर्द विशाल आकार का बोर्ड-वाक बनाया है हम इस बोर्ड-वाक पर चलते चलते चमकीले नीले, पीले और अन्य रंगों के इस स्प्रिंग को केवल मन्त्र मुग्ध हो कर निहारते रहे.अब तक प्रकृति का ऐसा नजारा कहीं भी देखने को है.ये स्प्रिंग्स 10 मंजली बिल्डिंग जितने गहरे हैं , अंदर दरकी हुई जमीन से पानी 121 फीट ऊपर उछाल मार कर आता है ग्रैंड प्रिस्मैटिक का आकार फुटबॉल के मैदान जितना बड़ा है , ग्रैंड प्रिस्मैटिक के विभिन्न किस्म के रंग अतिशय गर्म वातावरण में जीवित रहने वाले बैक्टीरिया के कारण है, बीच का नीला रंग सब रंगों में ज्यादा प्रधान है क्योंकि क्योंकि पानी नीली वेब-लेंथ को सबसे ज्यादा बिखराता है.जिसके कारण आँख को नीला रंग दिखता है.

विकसित भारत को गढ़ने के संकल्पों का उद्बोधन

ललित गर्ग

'विकसित भारत' की थीम के साथ इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा को रेखांकित करते हुए कह रहा है कि देश किन्हीं समस्याओं पर थमे नहीं, रूके नहीं, क्योंकि समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी है, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर। यही भावना सबल सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लालकिले की प्राचीर से 78वें स्वतंत्रता दिवस का अब तक का सबसे लम्बा 98 मिनट का 11वां राष्ट्रीय उद्बोधन एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की बानगी है। जो आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये लोगों को ऊंचे सपने देखने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान की वैश्विक एवं राजनैतिक चुनौतियों को भविष्य की अपनी दृष्टि पर हावी नहीं होने दिया। यह उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। लालकिले से जब देश का प्रधानमंत्री बोलता है तो वह भारत के महान लोकतंत्र की उस आत्मा को साकार करता है जो इस देश के 140 करोड़ देशवासियों के भीतर बसती है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्बोधन को वास्तविकता की रोशनी में नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत के रूप में देखा जाना चाहिए। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता को जरूरी बताने के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से लेकर रिफार्म्स तक, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों से लेकर गवर्नेंस मॉडल, रोजगार, व्यापार, रक्षा, चिकित्सा समेत कई विषयों की चर्चा की। उन्होंने न्यायिक सुधारों पर आगे बढ़ने का भी संकेत दिया। इसके साथ ही वह विपक्ष को निशाना बनाने से नहीं चूके और सरकार का एजैंडा उन्होंने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। निश्चित ही अब तक हुए लालकिले की प्राचीर के उद्बोधनों में सर्वाधिक प्रेरक, संकल्पमय एवं विकसित भारत की इबारत लिखने वाला यह उद्बोधन रहा। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली महानायक का आह्वान है।

प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में खास एवं ऐतिहासिक होने की अनुगूंजें इस उद्बोधन में साफ सुनाई दी, जैसाकि उनके पूर्व के दो कार्यकाल इस लिहाज खास रहे हैं कि उनकी पार्टी के जिन लक्ष्यों को राजनीति की अन्य धाराएं लगभग नामुमकिन मानती थीं, उन्हें देश के अजेंडा का हिस्सा बनाते हुए हासिल कर लिया गया। चाहे वह अयोध्या में राममंदिर बनाने की बात हो या अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म करने की। तीसरे कार्यकाल में ऐसा ही एक और लक्ष्य है कॉमन सिविल कोड जो राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना बाकी है। मोदी ने धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के रूप में इसका जिक्र कर-के यह संकेत दिया है कि इसे देशवासियों के लिए स्वीकार्य बनाना और लागू करना उनकी सरकार की प्राथमिकता में काफी ऊपर है। उनके शब्दों में मौजूदा सिविल कोड एक तरह से साम्प्रदायिक नागरिक संहिता है। देश को ऐसे सिविल कोड की जरूरत है, जिससे धर्म के आधार पर भेदभाव से मुक्ति मिले। जब देश में अधिकतर मामलों में नागरिकों पर एक समान कानून लागू होते हैं तो फिर अलग-अलग धर्मों के अपने अलग-अलग लॉ भारत के संविधान पर सवालिया निशान लगाते दिखाई दे रहे हैं। मोदी देश में बार-बार होने वाले चुनावों को विकास की राह में बाधा मानते हैं और यह कोशिश करते रहे हैं कि पूरे देश में एक साथ चुनाव होने लगें। लेकिन हालिया लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटें कम होने के बाद उनकी पार्टी और सरकार का यह अजेंडा आगे बढ़ना मुश्किल भले ही माना जा रहा हो, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में इसका भी जिक्र करते हुए यह संकेत दिया कि इस दिशा में उनकी सरकार के प्रयास जारी रहेंगे। इन सबके साथ ही प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की खास उपलब्धियों और उसके सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र करना नहीं भूले।

अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं वाले इस बार के उद्बोधन एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखा गया, उससे यही स्पष्ट हुआ कि वह अपने इस एजेंडे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद भी वह अपने लक्ष्य से डिगे नहीं हैं। इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने आंतरिक और बाहरी चुनौतियों की चर्चा करते समय बांग्लादेश के हालात का भी जिक्र किया और वहां के हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने एक ओर जहां जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति पर प्रहार किया, वहीं दूसरी ओर कोलकाता की दिल दहलाने वाली घटना को ध्यान में रखते हुए नारी सुरक्षा की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने यह कहकर देश की राजनीति में व्यापक परिवर्तन लाने की भी पहल की कि आने वाले समय में एक लाख ऐसे युवाओं को अपनी पसंद के राजनीतिक दलों में सक्रिय होना चाहिए, जिनके परिवार के लोग पहले कभी राजनीति में न रहे हों। निश्चित ही भारतीय राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति एवं नए विचारों और नई ऊर्जा से ओतप्रोत युवा नेताओं की आवश्यकता है।

यह ऐतिहासिक उद्बोधन कोरा राजनीतिक उद्बोधन न होकर राष्ट्रीयता को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने का सशक्त आह्वान है जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय मोदी को दिया जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। हर भारतवासी मोदी के उद्बोधन से इसलिये भी प्रेरित एवं प्रभावित हुए है कि 'मिशन मोड' पर 'ईज ऑफ लिविंग' को पूरा करने के अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए उसे आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने व्यवस्थित मूल्यांकन, बुनियादी ढांचे और सेवाओं में सुधार के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की बहुत जरूरी बात कही है। उन्होंने भारत में जीवन को आसान बनाने की अपेक्षा की, ताकि अमीरों एवं युवा प्रतिभाओं के पलायन को रोका जा सके। मोदी ने देश की जनता में जोश एवं संकल्प जगाते हुए ऐसा ही कुछ कहा जो जीवन की अपेक्षा को न केवल उद्घाटित करता है, बल्कि जीवन की सच्चाइयों को परत-दर-परत खोलकर रख देते हैं।

'विकसित भारत' की थीम के साथ इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा को रेखांकित करते हुए कह रहा है कि देश किन्हीं समस्याओं पर थमे नहीं, रूके नहीं, क्योंकि समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी है, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर। यही भावना सबल सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत ने पिछले 78 वर्षों में जो प्रगति की उडान अपनी विविधता को संजाये हुए भरी है उससे पूरी दुनिया हैरत में है। बड़े-बड़े देश अब भारत के लोगों के विकास, ज्ञान और उनकी मेहनत के दीवाने हैं। दुनिया के हर कोने में भारतीय अपना झंडा गाड़ रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। उन्होंने नवाचार के इच्छुक उद्यमियों को विशेष रूप से संबोधित किया गया। भारत का निर्यात बढ़ना जरूरी है और इसके लिए ऐसे उत्पाद बनाने की जरूरत है, जिनकी विश्व स्तर पर मांग हो। देश में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ाने के मकसद से अगले पांच वर्षों में 75000 नई मेडिकल सीटें जोड़ने की घोषणा महत्वपूर्ण है। ऐसी ही घोषणाओं से भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हो सकेगा।

संपादकीय

नापाक इरादों पर प्रहार

पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में विदेशी आतंकवादियों को भेज रहा है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए भाषण में यह कहा। आतंकवाद में उल्लेखनीय कमी की बात करते हुए उन्होंने कहा कि यहां किसी भी आतंकी संगठन का कोई शीर्ष नेतृत्व नहीं बचा है। हड़ताल और पथराव की घटनाएं इतिहास के पन्नों में सिमट गई हैं। पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए सिन्हा ने कहा, जो देश अपने नागरिकों को दो वक्त का खाना मुहैया कराने तक में असमर्थ है, वह अस्थिरता पैदा करने और शांति भंग करने के लिए यहां विदेशी आतंकियों को भेज रहा है। बीते दिनों आतंकी हमलों में शहीद हुए अधिकारियों, सैनिकों और नागरिकों के बलिदान का उन्होंने स्मरण किया। स्थानीय लोगों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करने की भी बात की। सिन्हा ने बताया कि नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले आतंकवादी नेटवर्क पर हमला कर रहे हैं। उधर जम्मू में उधमपुर जिले में आतंकवादी मुठभेड़.में शहीद कैप्टन दीपक सिंह को सेना और पुलिस ने श्रद्धांजली दी। डोड़ा के अस्सार में एक दिन पहले ही कैप्टन शहीद हुए थे। अंदेशा है कि ऊपरी इलाकों खासकर जंगलों में आतंकी छिपे हैं। जांच एजेंसियों का मानना है कि पिछले दिनों हुए हमलों में आतंकियों ने अल्पाइन क्वेस्ट लोकेशन एप्लीकेशन का प्रयोग किया था जिसका इस्तेमाल पाकिस्तानी सेना, नौ सेना और वायु सेना करती है। इसके जरिए घने जंगलों के नदी-नालों और पहाड़ी गुफाओं की सटीक लोकेशन मिल जाती है। कठुआ एनकाउंटर में मारे गए आतंकवादियों के पास मिली चीजों पर पाकिस्तानी जगहों के नाम और पते उर्दू में अंकित थे। जब-जब पाकिस्तान में आंतरिक उथल-पुथल होती है, वे अवाम का ध्यान बांटने के लिए सीमा से घुसपैठ और आतंकवादी गतिविधियों में तेजी लाने लगते हैं। सरकार के कड़े. निर्णयों और सेना को छूट देने जैसे निर्णयों ने ही आतंकवाद पर काबू पाया है। विधानसभा चुनाव से पूर्व शांति बहाली के प्रयास बेहद जरूरी हैं।



चिंतन-मनन

वाणी का शरीर पर प्रभाव

-प्रसन्नता से होता है शरीर पुष्ट एवं प्रोध से होती है हानी

मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है। इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की माँसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतःवाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए।

मामूली बारिश में शहर जलमग्न होना, व्यवस्था की नाकामी

निर्मल रानी

वर्षा ऋतु का सावन माह अपने शबाब पर है। देश के विभिन्न भागों में हलकी,तेज तो कहीं बहुत तेज बारिश के समाचार हैं। पिछले दिनों 10 -11 अगस्त को पंजाब,हिमाचल व हरियाणा के कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इसी बारिश का प्रकोप हरियाणा के भी कई जिलों में देखने को मिला।परन्तु अम्बाला शहर में 11 अगस्त रविवार की सुबह और दोपहर में केवल दो दो घंटे की बारिश ने तो लगभग पूरे शहर को ही डुबो कर रख दिया। न तो बारिश इतनी ज्यादा हुई व इतनी देर तक चली न कहीं से बाढ़ का पानी आया। परन्तु पूरा शहर पानी पानी हो गया। शहर का दृश्य ऐसा था गोया सड़कें नदी दिखाई दे रही थीं । हजारों घरों व दुकानों में पानी भरा हुआ था। अनेक बाजार बंद थे । अनेक वाहन सड़कों पर पानी में फंसे हुए थे। लोगों का कारोबार चौपट था। हद तो यह है कि रेलवे लाइन पर भी पानी भरा था और उसे पंप द्वारा निकालने की कोशिश की जा रही थी। बारिश के मौसम में अम्बाला शहर के एक बड़े इलाके को अक्सर ही इन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

परन्तु सवाल यह है कि ऐसा क्यों और शहरवासियों की यह दुर्दशा कब तक? और यह भी कि क्या इसके लिये सरकार व सम्बंधित व्यवस्था की कोई जिम्मेदारी भी है ? अम्बाला शहर में पिछले दस वर्षों से एक ही भाजपा विधायक निर्वाचित हो रहे हैं। इन्हें मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में वर्ष 2022-23 में 14 वीं हरियाणा विधानसभा में हरियाणा के प्रथम सर्वश्रेष्ठ विधायक के रूप में चुना गया था। यह विधायक प्रदेश के सभी 90 विधायकों में इसलिये भी प्रथम पाए गये थे क्योंकि वे सदन में जनहित के मुद्दे उठाते थे। शायद इसी योग्यता के चलते ही इन्हें वर्तमान नायब सिंह सरकार में मंत्री का पद भी मिल गया है । कुछ वर्ष पूर्व जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं को प्रधान सेवक कहलाने लगे थे उस समय इन विधायक जी ने भी अपने नाम में विधायक के स्थान पर नगर सेवक लिखवाना शुरू कर दिया था।

लिहाजा आज जब मात्र दो घंटे की बारिश में शहर में जल प्रलय हो जाता है तो लोगों का यह पूछना स्वभाविक है कि जिस विधानसभा क्षेत्र के जनहित के मुद्दे आप सदन में उठाते थे जिसके चलते आपको हरियाणा का प्रथम सर्वश्रेष्ठ विधायक चुना गया था वे मुद्दे आखिर क्या थे ? उन मुद्दों में प्रत्येक वर्ष बारिश में शहर में जल प्रलय हो जाने जैसा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा भी था अथवा नहीं ? यदि था तो आपके दस वर्षों के शासन काल में इसमें क्या प्रगति हुई ? पार्क, तालाब आदि जो बन रहे थे वे भी आधे अधूरे हैं। पूरे शहर जाम हैं व अभी से टूटने भी लगे हैं। इसी बारिश के पहले विधायक जी की टीम ने एक वीडियो वायरल की जिसमें दिखाई दिया कि मंत्री जी स्वयं नाले की सफाई का निरीक्षण कर रहे हैं और सफाई कर्मियों को सख़्त निर्देश दे रहे हैं। उस वीडिओ को देखकर ऐसा लगा कि शायद इस बार विधायक जी के मंत्री बन जाने के बाद नगर वासियों को बरसाती जलप्रलय रुपी नर्क से मुक्ति मिल जाएगी। परन्तु इस बार तो केवल दो घंटे में ही पूरा शहर पानी पानी हो गया ?

विधायक जी के हाथों से उद्घाटन किया हुआ सिटी रेल स्टेशन के साथ लगता सबसे व्यस्त रेल अंडरपास भी है। इसे विधायक जी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पिछले साल ही उद्घाटित किया था। यह रेल अंडरपास बरसात में स्वीमिंग पूल बना रहता है। यहीं नहीं बल्कि बारिश में शहर के तीनों अंडर पास तालाब बन जाते हैं। गोया न ही अंडर पास के पानी की व्यवस्थित निकासी है न ही शहर के मुख्य नालों व नालियों की। परन्तु आपको विकास कार्य पूरे वर्ष होते दिखाई देगा। विकास कैसा ? कहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक, तो कहीं एल ई डी की चमकदार रौशनी ,कहीं कुछ चौक पर लगी लाल बत्तियां तो कहीं चौक चौराहों पर स्टील द्वारा की गयी सजावटें। कुछ ही दिनों बाद लाल बत्तियां भी बंद और एल ई डी भी गुल। निमार्णाधीन पार्कों में लगी पत्थरों की कीमती जालियां अभी से टूटने लगी हैं। परन्तु इनसबसे जनता को क्या दिलचस्पी। अम्बाला शहर की जनता की सबसे बड़ी समस्या है शहरी जल भराव। और इससे निजात पाने का एकमात्र उपाय है जल निकासी व इसका सुचारु निष्पादन और इसके लिये कारगर,समुचित व भ्रष्टाचार मुक्त योजना।

आज शहर के अधिकांश नाले न केवल जाम पड़े हैं बल्कि टूटे हुए भी हैं। कई जगह तो टूटे हुये नालों का लेवल साथ लगती कालोनियों की जमीन के बराबर है। परिणामस्वरूप नालों में जरा भी पानी ओवरफ़्लो होता है वह आगे बढ़ने के बजाये कॉलोनी में घुस आता है। शहर की सीवरेज व्यवस्था लगभग फेल हो चुकी है। जगह जगह सीवर के मेन होल ओवर फ़्लो हैं। ओवर फ़्लो सीवर का गंदा व बदबूदार पानी कालोनियों में फैल रहा है। कई जगह तो सीवर के मेन होल के या तो ढक्कन टूट गए हैं या फिर पूरा मेन होल ही धंस गया है। जिला प्रशासन सहित इस व्यवस्था से सम्बंधित अधिकारियों को स्थानीय समाजसेवियों व पत्रकारों द्वारा कई बार इस दुर्व्यवस्था व बारिश में होने वाले संभावित जलप्रलय के प्रति सचेत भी किया गया। परन्तु नतीजा वही है जो लगभग हर साल बारिश में दिखाई देता है। इसी दुर्व्यवस्था के चलते हरियाणा की सबसे बड़ी कपड़ा मार्किट प्रभावित होती है। तमाम दुकानों में पानी भरने से करोड़ों का नुक़्सान हो जाता है। दुकानें बंद,ग्राहकों का आवागमन बंद,सड़कें नदी बन जाती हैं। हद तो यह है कि जिलाधिकारी कार्यालय के चारों ओर कई कई दिन तक पानी भरा रहता है ,स्टेट बैंक की शहर की सबसे मुख्य ब्रांच में पानी घुसा रहता है ,नगर निगम के चौक जगाधरी गेट पर जलभराव ,धनाढ्यों व नव धनाढ्यों के रहने वाले कथित पॉश इलाके सेक्टर्स व मॉडल टाउन,इनको चौक,जंडली, प्रेम नगर, आदि सभी जगह पानी रुका रहता है। शुकुल कुंड रोड,बादशाही बाग ,सोनिया कॉलोनी,रणजीत नगर,महावीर नगर जैसे दर्जनों इलाके जलमग्न रहते हैं। लोगों के घरों के फर्नीचर और अनेक जरूरी सामान बरसाती पानी घुसने से खराब हो जाते हैं। लोगों का काम काज ठप्प हो जाता है। शहर में जब तक पानी की निकासी न हो तब तक दुर्गन्ध का साम्राज्य रहता है। मामूली सी बारिश में शहर का जलमग्न हो जाना निःसंदेह केवल संबद्ध व्यवस्था की नाकामी का ही परिणाम है जो जनता भुगतने के लिये मजबूर रहती है। जनता को हर साल बारिश में होने वाली ऐसी परेशानियों के लिये किसी न किसी को जिम्मेदार तो ठहरना ही पड़ेगा ?

उत्तराखंड : विकास मापने का नया आधार



सुरेश भाई



जुलाई के तीसरे सप्ताह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक (जीईपी) लॉन्च किया। इसका सरल अर्थ है कि उत्तराखंड जैसे संवेदनशील क्षेत्र में विकास कार्य से पहले मूल्यांकन करके जल, जंगल, जमीन, वायु पर उसके प्रभाव का आकलन होगा। यदि विपरीत प्रभाव की अधिक संभावनाएं होंगी तो निश्चित ही उसको रोकना भी पड़ेगा। यही बात 2007 की केंद्रीय पुनर्वास नीति में भी लिखी गई है।

5 जून, 2021 को तत्कालीन मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने भी यही ऐलान किया था कि उत्तराखंड पहला राज्य होगा जहां विकास को मापने के लिए जीईपी लागू किया जाएगा। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा और डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने भी यह आश्वासन दिया था क्योंकि उत्तराखंड हिमालय में तेजी से भोगवादी विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हो रहा है, उसे रोकने के लिए छोटे-बड़े आंदोलन चलते रहते हैं। इसके बावजूद अब हर वर्ष सकल पर्यावरण उत्पादन में हम कहां खड़े हैं उसका मूल्यांकन करके जीडीपी के साथ जीईपी का लेखा-जोखा भी राज्य को प्रस्तुत करना पड़ेगा। यह किसी एक राज्य के लिए ही नहीं अपितु देश के लिए भी स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन इससे एक गंभीर आशंका भी पैदा होती है। यह कि संबंधित विभागों से प्रस्तावित विकास से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन का आधार क्या होगा? क्या कोई मॉनिटरिंग प्रणाली होगी? यह भी कहा जा रहा है कि राज्य द्वारा 95,112 करोड़ के लगभग दी जाने वाली पारिस्थितिकीय सेवाएं क्या हरियाली बचाने वाले निवासियों को लाभ प्रदान करेंगी या सिर्फ केंद्र से बजट का दावा पेश किया जाएगा। नीति आयोग इस विषय पर किस आधार पर फैसला लेगा? इन सब के उत्तर भविष्य के गर्त में छिपे हैं।

वैसे भी समझने के लिए यह पर्याप्त है कि उत्तराखंड के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में से 71 प्रतिशत वन भूमि के अधीन है, जबकि सघन वन 40 प्रतिशत से अधिक नहीं है। लेकिन राज्य सरकार यही कह रही है कि जीईपी सूचकांक के आधार पर ग्रीन बोनस और केंद्र की सहायता लेने में यह लाभकारी साबित होगा। प्रति वर्ष जीईपी सूचकांक प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी उत्तराखंड के प्रमुख सचिव (वन) को दी गई है। इसका आंकलन मानवजनित और प्राकृतिक गतिविधियों के आधार पर होगा जिसमें जंगल, हवा, पानी, मृदा पर लगातार परिवर्तन जैसे-जंगल के संबंधित सूचकांक के लिए विभिन्न वर्षों में वन विभाग द्वारा रोपे गए पौधों की संख्या और इन्हीं प्रजातियों के वृक्षों के पातन की संख्या के आधार पर आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। इसमें यह भी पता हो पाएगा कि पातन के दौरान छोटी-छोटी वनस्पतियां, जीव-जंतु बुरी तरह प्रभावित होते हैं, लेकिन क्या हर वर्ष भीषण आग से जल रहे जंगल और रोपे गए पौधों के सापेक्ष प्राकृतिक वन संपदा की व्यावसायिक कटाई का मूल्यांकन करना आसान होगा? क्योंकि जिन पेड़ों को उसी वर्ष लगाया गया और यह मान लेंगे कि इतने ही इसी प्रजाति के पेड़ काटे गए तो यह अधूरी जानकारी होगी क्योंकि उत्तराखंड में हर साल चीड़, देवदार, कैल आदि प्रजातियों का बड़े पैमाने पर कटान हो रहा है। मृदा के बारे में संभव है कि बड़े निर्माण कार्यों से बेतरतीब ढंग से काटे जा रहे पहाड़ों से खिसक रही मिट्टी को सीधे नदियों में डाला जाता हो और कहीं भी मिट्टी को पुनः उपयोग में लाने के लिए डंपिंग जोन नहीं है जिसके ऊपर पौधे रोपे जा सकते थे। जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक मिट्टी की बबार्दी का मूल्यांकन संभव नहीं। जल के मामले में उपलब्ध जल की गुणवत्ता और मात्रा में तेजी से बढ़ रहे प्रभाव का सबसे जीता जागता उदाहरण तो यही है कि पहाड़ी भू-भाग में भी 60 प्रतिशत जल स्रोत सूख चुके हैं, जिसके एवज में जो भी जल संरचनाएं बनी हैं, क्या उन्हें प्राकृतिक जल स्रोतों के समान स्वीकार किया जा सकता है? और कोई भी विकास संरचना यदि जल स्रोतों को बर्बाद करती है तो उसे न्यूनतम करने के क्या तरीके होंगे। जंगल के बारे में भी कहा जा सकता है कि विकास के नाम पर न्यूनतम वनों को ही नुकसान हो।

भौगोलिक संरचना के आधार पर विकास की संरचना निर्धारित हो। भारी-भरकम परियोजनाओं से हिमालय के प्राकृतिक संसाधनों का विनाश नहीं रोक पाएंगे तो जीईपी की हालत जीडीपी जैसी होगी। सकल पर्यावरण उत्पाद की मांग करने वाले पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी मानते हैं कि उत्तराखंड में .9 प्रतिशत जीईपी है, जिसे 4-5 तक ले जाना पड़ेगा। लेकिन राज्य व्यवस्था तो फंड के लिए मजबूत हथियार के रूप में इसे देख रही है जबकि ग्रीन बोनस की मांग करने वाले पर्यावरणविद् जगत सिंह ह्यजंगली' और रक्षा सूत्र आंदोलन की टीम का कहना है कि रसोई गैस पर लोगों को आधी से अधिक सब्सिडी दी जानी चाहिए। जल पुरु ष राजेंद्र सिंह कहते हैं कि पर्यावरणीय आर्थिकी वहां होगी जहां लोग अहिंसक होंगे।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Trysts and Turns: Humanism on the Olympic scale

FOR me the biggest takeaway from the Paris Olympics was the voice of two women — two mothers, one an Indian and the other a Pakistani. Raziah Parveen, whose son Arshad Nadeem bested our hero Neeraj Chopra for the gold in the javelin throw, on being informed that her son had won the contest, said Neeraj was also her son and she would have been equally happy if the result had been the other way round.

That was a brave thing for a mother to say. But the other woman, too, expressed something similar. Suraj Devi, Neeraj's mother, said Arshad was also her son. Two mothers from two neighbouring countries, separated by a barricaded border and mutual hostility built up over 77 years or so, were not merely happy and proud of their respective son's performance at the Games but, even more importantly, exhibited a dignity and grace that only wisdom and gentility can evoke.Arshad and Neeraj have given their nations a lot to cheer about ahead of their respective Independence Days. If common citizens of the two perpetually warring countries can unite and drive some sense into the thoughts and actions of their rulers, poverty and misery — which is presently the lot of a sizeable proportion of their respective population — can be fought and conquered. Such a transformation may not result in top positions in the comity of nations but will certainly be good enough to assure both of a place at the high table. India, with a stronger economy, would most certainly get there.Parveen has invited Neeraj to her home at Mian Channu village in Khanewal district of Pakistani Punjab. Will the government of Pakistan give him a visa if he does accept the offer? That is a million-dollar question, very difficult to answer.Pakistan's Ambassador in Romania during my tenure there had a schoolgoing daughter whom I had met when my wife and I were invited for dinner at their home. Thirty years later, I received an e-mail from the girl saying that she was employed in a foreign country where she met and married a Hindu colleague from India. They wanted to meet the parents of their spouses but were finding it difficult to obtain visas. Could I help?I wrote to then External Affairs Minister Sushma Swaraj. She was an old acquaintance of mine from my Punjab days. A gracious lady, she replied the very next day that she had instructed her ministry to expedite the process. I heard nothing about that request thereafter, neither from the ministry nor from my young Pakistani friend.

Moving on to Bangladesh, micro-credit wizard Muhammad Yunus, now tasked with the difficult task of running a government in his native land, knows that his primary task is to restrain the proclivities of the religious extremists intent on decimating the minority Hindus. He has inducted their representative in his interim administration, probably to humour the hotheads. I doubt if that will work. Religious extremists of all creeds are a menace in any country and the Bangladesh ones find themselves unchained after 15 years of Sheikh Hasina's rule. That makes them doubly dangerous. The Nobel laureate has his work cut out.It is emotionally gratifying to humanists the world over that when these extremists threatened to destroy Hindu temples and homes, the students who propelled the ouster of India's friend Hasina took it upon themselves to mount a vigil and deployed volunteers to defend the temples, homes and shops from religion-inspired vandalism.

he student protesters of Bangladesh alleged that Hasina was an autocrat, a minor dictator who favoured her own party operatives with jobs in the government. These are as prized in Bangladesh as they are in ours. Government jobs ensure security of tenure even while the quality of service rendered is well below par.Many commentators from Bangladesh mentioned the close relations between their country and India as a grouse against Hasina! That comment was not well received in India. Here, the common man's view has always been that Bangladeshis should perpetually be beholden to India for helping them achieve independence from Pakistan.

The return of the Foreign Hand

